

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।


मदर्स डे : मां को मजबूत बनाने का...8




दैनिक बुद्ध का संदेश 9795951917,9415163471 @budhakasandesh budhakasandeshnews@gmail.com www.budhakasandesh.com

रविवार, 14 मई 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 10 अंकः 143 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## बीजेपी के किले में कांग्रेस का अधिकार

बंगलुरु। कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस का हर मुद्दा चला और बीजेपी की एक भी न चली। जय बजरंग बली लेकिन शायद लहर उल्टी चली। कर्नाटक की जनता यूसीसी और मुस्लिम आरक्षण की बजाए कांग्रेस की पांच गारंटियों को ज्यादा पसंद किया। प्रधानमंत्री मोदी की रैली और रोड शो में भीड़ तो जुटी लेकिन वो वोटों में नहीं बदल पाई। बोम्मई सरकार के खिलाफ कांग्रेस का चालीस प्रतिशत कमीशन वाला नैरेटिव काम कर गया। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा और प्रियंका गांधी के कैंपेन को बड़ा श्रेय दिया जा



रहा है। वहीं राहुल गांधी ने कहा है कि ये नफरत की हार है और मोहब्बत की जीत है। कांग्रेस के लिए कर्नाटक की जीत किसी ऑक्सजीन से कम नहीं है। इस साल के आखिर में पांच राज्यों में चुनाव होने हैं। फिर सीधे 2024 के आम चुनाव। इस बार के कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने तगड़ी बाजी मार ली। अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले मिली ये जीत कांग्रेस के लिए किसी संजीवनी से कम नहीं है। दक्षिण में कर्नाटक ही एक ऐसा राज्य था जहां बीजेपी की सरकार थी। पार्टी को सत्ता दिलाने के पीछे इन पांच लोगों का महत्वपूर्ण योगदान है। इन लोगों ने ही जी तोड़ मेहनत और कुशल रणनीति से बीजेपी को मात दी।

## मेयर के चुनाव में भाजपा ने सभी 17 सीटों पर कब्जा

### सीएम योगी बोलेः यूपी सरकार विकास और सुरक्षा के लिए काम करती रहेगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में शहरी स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा की शानदार जीत के बाद भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अभिनंदन किया। भाजपा में उत्साह भी है। वहीं, योगी ने साफ तोर पर कहा है कि उनकी सरकार विकास और सुरक्षा के लिए काम करती रहेगी। योगी ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं की मेहनत और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश नगर निकाय के चुनाव में भाजपा ने अब तक की सबसे बड़ी विजय प्राप्त की है। 2017 में भाजपा ने 60 नगर पालिकाओं में विजय प्राप्त की थी लेकिन इस साल हमने शहरी स्थानीय निकाय चुनावों में दोगुनी से अधिक सीटें जीती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे सहयोगी अपना दल (सोनेलाल) ने स्वार और छानबे दोनों उपचुनाव जीते



और समाजवादी पार्टी को हराया। उन्होंने कहा कि शहरी स्थानीय निकाय चुनाव और उपचुनाव में हमें अवसर देने के लिए मैं मतदाताओं को धन्यवाद देता हूं। उत्तर प्रदेश में मेयर के चुनाव में भाजपा ने जबरदस्त सफलता हासिल की है। मेयर के चुनाव में भाजपा ने सभी 17 सीटों पर कब्जा जमा लिया है। सपा–बसपा–कांग्रेस और अन्य को कुछ भी सफलता नहीं मिल पाई है। हालांकि, कुछ जगहों पर बसपा उम्मीदवार में चुनाव में भाजपा को टक्कर देते दिखाई दिए।

## कर्नाटक में कांग्रेस के लिए संकट मोचक बने डीके शिवकुमार, बीजेपी को नहीं मिला बजरंग बली का आशीर्वाद

बंगलुरु। कर्नाटक विधानसभा चुनावों के नतीजों में कांग्रेस पूर्ण



बहुमत से सरकार बना रही है। इस चुनाव में डीके शिवकुमार पार्टी के संकट मोटक बन उभरे हैं। बता दें कि कनकपुरा सीट पर बीजेपी और कांग्रेस बीच कांटे की टक्कर थी। कांग्रेस के नेता डीके शिवकुमार ने बीजेपी के आर अशोक को जबरदस्त शिकस्त दी है। जहां डीके शिवकुमार ने 50,484 वोट हासिल किए तो वहीं आर अशोक को सिर्फ 8,530 वोट मिले। इस सीट पर वोक्कालिगा समुदाय का प्रभाव ज्यादा है। सात बार के विधायक रहे डीके शिवकुमार को कड़ी टक्कर देने के लिए भाजपा ने वोक्कालिगा समुदाय से ताल्लुक रखने वाले आर अशोक को उनके सामने खड़ा किया था। अपराजेय रहे डीके शिवकुमारः कनकपुरा सीट पर डीके शिवकुमार लगातार 7 बार विधायक रहे हैं। इसी कारण उनको श्कनकपुरा रॉकश नाम से भी जाना जाता है। अगर साल 2018 की बात करें तो डीके शिवकुमार ने जेडीएस के नारायण गौड़ा को करारी शिकस्त दी थी। वहीं इस बार उनके सामने आर के अशोक खड़े थे। जिसके बाद से यह मुकाबला काफी दिलचस्प हो गया था। बीते 10 मई को राज्य में मतदान हुए थे। इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता है कि कर्नाटक में हर बार सत्ता परिवर्तन होता है।

### किंगमेकर नहीं बन पाए कुमारस्वामी

*दक्षिण का द्वार कहे जाने वाले कर्नाटक विधानसभा के नतीजों को कांग्रेस संजीवनी के तौर पर देख रही है। यहां से बीजेपी को करारा झटका लगा है। दक्षिण राज्यों की बात करें तो कर्नाटक में ही भाजपा की सरकार थी। ऐसे में बीजेपी के लिए यह जीत काफी अहम मानी जा रही थी। जहां बीजेपी ने येदियुरप्पा पर भरोसा जताया तो वहीं कांग्रेस ने डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया को पार्टी के खेवनहार के रूप में देख रही है। वहीं जेडीएस के कुमारस्वामी खुद को किंगमेकर की भूमिका में बता रहे थे। लेकिन दोनों दलों को पीछे छोड़कर कांग्रेस पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने जा रही है।*

## आईओए ने डब्ल्यूएफआई के खिलाफ लिया बड़ा एक्शन, अब अधिकारी किए गए निलंबित

नयी दिल्ली। भारतीय



ओलंपिक संघ (आईओए) ने ताजा फैसला किया है जिसके चलते अब भारतीय कुश्ती संघ के सभी अधिकारियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। भारतीय ओलंपिक संघ के भारतीय कुश्ती महासंघ के सभी अधिकारियों को प्रतिबंधित कर दिया है। यानी अब महासंघ का कोई अधिकारी महासंघ के प्रशासनिक कार्य में हिस्सा नहीं ले सकेगा। इस संबंध में भारतीय ओलंपिक संघ ने एक ऑर्डर भी जारी किया है। इस ऑर्डर के जरिए ये सुनिश्चित किया जाएगा कि महासंघ के अधिकारी किसी तरह के काम का संचालन ना करें। डब्ल्यूएफआई ने कहा कि उसे आईओए के आदेशों का पालन करने में कोई समस्या नहीं है क्योंकि वह पहले ही अधिकारियों के साथ सहयोग कर रहे हैं। आईओए ने डब्ल्यूएफआई के दैनिक कार्यों के संचालन तथा इस राष्ट्रीय महासंघ के चुनाव को संपन्न करवाने के लिए तदर्थ समिति नियुक्त की है। यह तदर्थ समिति खेल मंत्रालय के आदेश पर नियुक्त की गई है।

डब्ल्यूएफआई के महासचिव वीएन प्रसूद ने कहा कि उन्हें आईओए पैनल के साथ संबंधित दस्तावेजों को साझा करने में कोई आपत्ति नहीं है।

### जंतर मंतर पर प्रदर्शन में जुटे पहलवान

गौरतलब है कि देश के चोटी के पहलवानों ने डब्ल्यूएफआई के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह पर महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। विनेश फोगाट, बजरंग पुनिया, साक्षी मलिक जैसे पदक विजेता पहलानों के नेतृत्व में पहलवानों का प्रदर्शन और धरना जंतर मंतर पर जारी है। पहलवान बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी को लेकर जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। आईओए ने शुक्रवार को एक पत्र जारी करके कहा कि डब्ल्यूएफआई की सभी प्रशासनिक, वित्तीय और नियामकीय भूमिकाएं अब तदर्थ समिति निभाएगी। पत्र में कहा गया है,''उपरोक्त (आईओए के 12 मई, 2023 के आदेश) के संदर्भ में यह स्पष्ट किया जाता है कि कुश्ती के संचालन के लिए आईओए द्वारा नियुक्त तदर्थ समिति राष्ट्रीय खेल महासंघ के सभी कामकाज और जिम्मेदारियों को निभाएगी।'' इसमें कहा गया है,'' अब जबकि तदर्थ समिति अस्तित्व में है तब डब्ल्यूएफआई के निवर्तमान पदाधिकारियों की इस महासंघ से जुड़े किसी भी तरह के कामकाज में कोई भूमिका नहीं होगी।''

## बेरोजगार युवाओं को नौकरी का झांसा देकर करोड़ों रुपये ठगने के आरोप में तीन गिरफ्तार



लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने बेरोजगार युवाओं को विभिन्न सरकारी विभागों में नौकरी का झांसा देकर करोड़ों रुपये ठगने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ ने यह जानकारी दी। आरोपी खुद को सरकारी अधिकारी बताकर नौजवानों को ठगने के लिए फर्जी प्रशिक्षण केंद्र भी चलाते थे। एसटीएफ की ओर से जारी बयान के अनुसार, बेरोजगार युवकों से ठगी करने के आरोप में लखनऊ के अभिषेक प्रताप सिंह, संतकबीर नगर के अतहर हुसैन और कानपुर के नीरज मिश्रा को शनिवार सुबह गिरफ्तार किया गया। रैकेट के तौर–तरीकों के बारे में बताते हुए, एसटीएफ अधिकारियों ने कहा कि आरोपियों ने पूरे उत्तर प्रदेश के अलग–अलग शहरों में सुनसान जगह पर एक मकान किराए पर लिया और फर्जी कार्यालय एवं प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किया।

## कांग्रेस प्रमुख बन खरगे ने कर्नाटक में पार लगाई कांग्रेस की नैया, चुनाव में अहम रही भूमिका

नई दिल्ली। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने जा रही है। बीते 10 मई को 5.13 करोड़ मतदाताओं ने 224 सीटों पर 2,615 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला किया था। अब तक कांग्रेस दोनों दलों यानी की बीजेपी और जेडीएस से काफी आगे चल रही है। राज्य में कांग्रेस की इस जीत के पीछे दो बड़े राजनेताओं की अहम भूमिका मानी जा रही है। जिनमें से एक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और दूसरे कर्नाटक के प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार हैं।

अनुसूचित जाति बहुल सीटों पर खरगे का चला जादूः जब से राज्य में चुनाव की चर्चा शुरू



हुई थी। तभी से खरगे के गृह प्रदेश कांग्रेसियों की यही चाहत ही कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए मल्लिकार्जुन की जीत हो। वहीं राज्य के कई कांग्रेस नेताओं ने दलील दी थी कि खरगे के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से कर्नाटक की कई परेशानियां का हल मिल जाएगा। इसके अलावा राज्य के नेताओं का मानना था कि खरगे के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से कर्नाटक विधानसभा चुनाव में भी पार्टी को जीत मिलने की संभावना बढ़ जाएगी।

बता दें कि खरगे लंबे समय से कर्नाटक की सियासत में सक्रिय रहे हैं। वहीं पार्टी को स्थानीय स्तर पर मजबूत करने के लिए उन्होंने कई कमेटियों बनवाईं थीं। चुनाव के दौरान खरगे ने कई रैली कर पार्टी के पक्ष में जनाधार बनाने का काम किया था। इस दौरान उन्होंने पार्टी की प्रदेश कमान को भी सहयोग देने का काम किया।

### कांग्रेस के प्रभावशाली नेता हैं खरगे

मल्लिकार्जुन खरगे दलित समुदाय से ताल्लुख रखते हैं। वहीं राज्य की करीब 23 फीसदी आबादी दलित है। बता दें कि कर्नाटक में 35 फीसदी सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, खरगे की वजह से ही इन सीटों पर कांग्रेस का प्रभाव बढ़ा है। यही कारण है कि कांग्रेस सत्तारुढ़ भाजपा को मात देने में सफल रही है। राजनीतिक जानकारों ने बताया कि खरगे राज्य से 9 बार विधायक रह चुके हैं।

## बीजद की दीपाली दास ने झारसुगुडा विस उपचुनाव में जीत दर्ज की

भुवनेश्वर। ओडिशा में सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) ने



शनिवार को झारसुगुड़ा विधानसभा सीट बरकरार रखी, क्योंकि उसकी उम्मीदवार दीपाली दास ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के टंकधर त्रिपाठी को 48,721 मतों से हराया। यह जानकारी एक निर्वाचन अधिकारी ने दी। एक निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि दास को कुल 1,07,198 वोट मिले, जबकि त्रिपाठी को 58,477 वोट मिले। अधिकारी ने कहा कि कांग्रेस उम्मीदवार तरुण पांडेय 4,496 मतों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। दीपाली ओडिशा के स्वास्थ्य मंत्री नब किशोर दास की बेटी हैं, जिनकी जनवरी में एक पुलिस अधिकारी द्वारा कथित तौर पर हत्या कर देने से इस सीट पर उपचुनाव कराना जरूरी हो गया था। नब किशोर दास ने 2019 के आम चुनावों में यह सीट 45,740 मतों के अंतर से जीती थी।






## कर्नाटक में बंद हुआ नफरत का बाजार, राहुल बोले– हमने मोहब्बत से ये लड़ाई लड़ी और जीती

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि कर्नाटक में नफरत का बाजार बंद हुआ है, मोहब्बत की दुकान खुली है। कर्नाटक की जनता से हमने 5 वादे किए थे, हम इन वादों को पहले दिन पहली कैबिनेट में पूरा करेंगे। सबसे पहले मैं कर्नाटक के हमारे कार्यकर्ताओं को, हमारे नेताओं को बधाई देता हूं। कांग्रेस पार्टी कर्नाटक में गरीबों के साथ खड़ी हुई। हमने प्यार से ये लड़ाई लड़ी। कर्नाटक ने दिखाया कि इस देश को मोहब्बत अच्छी लगती है। इससे पहले भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सभी कांग्रेस उम्मीदवारों को कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में शाम तक रिपोर्ट करने का निर्देश दिया है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव



2023 के लिए वोटों की गिनती जारी है। खरगे ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव 2023 में कांग्रेस की आधी बढ़त की सराहना की और कहा कि यह श्जनता जनार्दनश की जीत है। मल्लिकार्जुन खरगे ने कांग्रेस उम्मीदवारों को शाम तक राजधानी बेंगलुरु में रिपोर्ट करने का निर्देश दिया है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि कांग्रेस की जीत जनता की जीत है। जनता ने एक भ्रष्ट सरकार को हराया है। हमें आगे बहुत कुछ करना है। हमें वादे निभाने हैं, हमारी 5 गारंटी हम पूरी करेंगे। आने वाले दिनों में भी जहां–जहां राज्यों के चुनाव होंगे वहां हम कर्नाटक की तरह चुनाव जीतने के लिए पूरा प्रयास करेंगे...यहां(कर्नाटक) के विधायकों की बैठक होगी, (मुख्यमंत्री के नाम पर) सभी की जो सहमति बनेगी उसे हाईकमान के सामने रखा जाएगा। हाईकमान अंतिम फैसला लेगा।

पहले की रिपोर्टों में यह भी कहा गया है कि विपक्षी दलों द्वारा खरीद–फरोख्त की आशंका और अटकलों के डर से, सबसे पुरानी पार्टी डीएमके शासित तमिलनाडु में निर्वाचित उम्मीदवारों को स्थानांतरित करने पर विचार कर रही है।

# सभासद के 13 निर्दल, 7 भाजपा, 4 सपा व एक बसपा प्रत्याशी ने किया जीत हासिल

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी । नगर पालिका के चुनाव में बांसी के विभिन्न वार्डों से सभासद के 13 निर्दल, 7 भाजपा, 4 सपा व 1 बसपा प्रत्याशी ने जीत हासिल किया है। जिसमें वार्ड संख्या 1 नेहरू नगर से निर्दल सभासद प्रत्याशी मैना देवी 416 मत पाकर विजयी हुईं। यहां 382 मत पाकर निर्दल प्रत्याशी रीमा दूसरे स्थान पर रहीं। वार्ड संख्या 2 राप्ती नगर निर्दल प्रत्याशी आशा यादव ने 361 मत प्राप्त कर विजय हासिल किया। दूसरे पर सपा की अनुराधा को 313 मत मिला। वार्ड संख्या 3 पटेल नगर से भाजपा के सत्यनारायन मौर्य 211 मत पाकर विजयी हुए। वैद्यनाथ मौर्य 200 मत पाकर दूसरे पर रहे। वार्ड संख्या 4 आजाद नगर से भाजपा की सरिता 487 मत से जीतीं। यहां दूसरे पर सपा प्रत्याशी रहीं इंद्रावती को 444 मत मिला। वार्ड संख्या 5 पंतनगर से भाजपा के श्याम बाबू 329 मत पाकर विजयी हुए। इन्होंने 301 मत पाए सपा के मनोज कुमार को शिकस्त दिया। वार्ड संख्या 6 आर्यनगर से निर्दल प्रत्याशी ध्रुपचन्द्र 316 मत पाकर विजयी। इन्होंने 267 मत पाईं भाजपा की अर्चना को शिकस्त दिया। वार्ड संख्या 7 प्रताप नगर से भाजपा प्रत्याशी 380 मत पाकर विजयी हुईं। इन्होंने 218 मत पायीं प्रियंका को मात दिया। वार्ड संख्या 8 श्यामनगर से भाजपा प्रत्याशी रवि अग्रहरि ने 410 मत पाकर विजय हासिल किया। दूसरे पर 143 मत पाए कयामुद्दीन रहे। वार्ड संख्या 9 ईशा नगर से निर्दल प्रत्याशी खालिक खां ने 198 मत पाकर जीत हासिल किया। इनके मुकाबले दूसरे स्थान निर्दल रहे रिजवान को 187 मत पाकर मिला। वार्ड संख्या 10 रानी लक्ष्मीनगर से निर्दल प्रत्याशी ज्योति चौधरी 151 मत पाकर जीतीं। यहां दूसरे स्थान पर 115 मत पाकर विद्यावती रहीं। वार्ड संख्या 11 सुभाष नगर से निर्दल प्रत्याशी 333 मत पाकर विजयी हुईं। दूसरे स्थान पर यहां 314 मत पाकर सुनीता रहीं। वार्ड संख्या 12 अशोक नगर से निर्दल प्रत्याशी अकरम अली ने 394 मत पाकर जीत हासिल किया। इन्होंने 224 मत पाए रामबचन को मात दिया। वार्ड संख्या 13 अम्बेडकर नगर से निर्दल प्रत्याशी पप्पू मौर्य 397 मत पाकर जीते। दूसरे पर 389 मत पाए भाजपा के जगजीवन रहे। वार्ड संख्या 14 निराला नगर से सपा के साकिर ने 302 मत पाकर जीत हासिल किया। इनके मुकाबले निर्दल रहे जीशान को 221 मत ही मिला। वार्ड संख्या 15 इंदिरा नगर से बसपा प्रत्याशी मीना देवी ने 379 मत पाकर जीत हासिल किया। निर्दल रहीं समां परवीन 205 मत पाकर यहां दूसरे पर रहीं। वार्ड संख्या 16 शास्त्रीनगर से निर्दल प्रत्याशी मोमिना ने 335 मत पाकर जीत हासिल किया। यहां भाजपा की फूला देवी 211 मत पाकर दूसरे पर रहीं। वार्ड संख्या 17 निषाद नगर से 412 मत पाकर सपा के बुद्धिराम विजयी रहे। यहां 337 मत पाकर भाजपा की जुबैदा खातून दूसरे स्थान पर रहीं। वार्ड संख्या 18 शंकर नगर से 195 मत पाकर निर्दल प्रत्याशी शकील खान ने जीत हासिल किया। यहां 193 मत पाकर निर्दल रहे प्रमोद दूसरे पर रहे। वार्ड संख्या 19 गौतम बुद्ध नगर से 237 मत पाकर निर्दल रहे अशफाक अहमद ने जीत हासिल किया। यहां 152 मत पाकर निर्दल रहे विनय दूसरे पर रहे। वार्ड संख्या 20 पशुपति नगर से 214 मत पाकर परमात्मा विजयी रहे। यहां 120 मत पाकर निर्दल रहे महमूद खुस्तर जाफरी को दूसरा स्थान मिला। वार्ड संख्या 21 गांधीनगर से 447 मत पाकर भाजपा की अनुराधा विजयी हुईं। इन्होंने 413 मत पाए निर्दल प्रत्याशी करीम को मात दिया। वार्ड संख्या 22 राजेन्द्र नगर से 250 मत पाकर सपा के अरुन गुप्ता विजयी रहे। 230 मत पाकर निर्दल प्रत्याशी सायदा खातून दूसरे पर रहीं। वार्ड संख्या 23 टेकधर नगर से 331 मत पाकर निर्दल प्रत्याशी अकबर अली जीते। इनके मुकाबले दूसरे पर रहे निर्दल प्रत्याशी अंगद को 135 मत मिला। वार्ड संख्या 24 अकबर नगर से निर्दल प्रत्याशी समा आरा ने 331 मत पाकर जीत हासिल किया। इन्होंने 322 मत पाईं निर्दल रहीं शाहिस्ता को शिकस्त दिया। वार्ड संख्या 25 लोहिया नगर से सपा के बरकत अली राइनी ने 555 मत पाकर जीत हासिल किया। यहां से 133 मत पाकर निर्दल प्रत्याशी फारुख दूसरे पर रहे।

# शोहरतगढ़ की चेयरमैन बनी उमा अग्रवाल,लोगो ने दिया बधाई





दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़,सिद्धार्थनगर। नगर निकाय चुनाव मे आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ से निर्दल प्रत्याशी उमा पत्नी रवि अग्रवाल ने अपने प्रतिद्वन्द्वी निर्दल प्रत्याशी रितु सिंह पत्नी अभय प्रताप सिंह को 238 मतो से पराजित कर जीत हासिल कर ली। आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ का कमान लम्बे समय से शोहरतगढ के कद्दावर नेता स्व0 सुबाष गुप्ता की धर्म पत्नी बबिता कसौधन के हाथो मे था ,लेकिन इस बार शोहरतगढ की जनता समाजसेवी रवि अग्रवाल की पत्नी उमा अग्रवाल को अपना अध्यक्ष बनाया। आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ का मतगणना जब शुरू हुआ तभी से उमा अग्रवाल बढत बना ली लेकिन बीच मे रितु सिंह पत्नी अभय प्रताप सिंह ने बढत बना लिया जिससे असमंजस की स्थिति बन गई बाद मे फिर उमा अग्रवाल ने रितू सिंह को पीछे कर दिया और अन्तिम तक सभी प्रत्याशियो के ऊपर हावी हो कर विजयी हो गयी। भाजपा को करारा हार मिला। शोहरतगढ नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए कुल 12 प्रत्याशी थे जिसमे 3532 मत पाकर उमा अग्रवाल विजयी हुई,वही दूसरे नंबर पर रही रितु सिंह को 3294 मत मिला, तीसरे स्थान पर निवर्तमान नगर अध्यक्ष भाजपा से बबिता कसौधन को 2497 मत मिला,निर्दल प्रत्याशी श्याम सुन्दर चौधरी को 1355 मत मिला, शान्तिनारायण त्रिपाठी निर्दल को 463 मत, बसपा प्रत्याशी मनोज कुमार मित्तल को 441 मत मिला, सपा से गोपाल फौजी को 62 मत मिला, काग्रेस से इकबाल को 23 मत,शाहरूख को 72,इसरार को 33,शशि को 21,प्रिया त्रिपाठी निर्दल को केवल 8 मत मिला। जबकि 326 मत अबैध निकले और 15 मत नोटा को चला गया। कुछ प्रत्याशी अपना जमानत नही बचा पाये। विजयी प्रत्याशी उमा अग्रवाल के समर्थको मे हर्षोल्लास का माहौल है फूल माला अबीर से समर्थक अपने निर्वाचित अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किये। आर0ओ0 रहे उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ उत्कर्ष श्रीवास्तव ने उमा अग्रवाल को प्रमाण पत्र दे कर बधाई दिये, शोहरतगढ थानाध्यक्ष पंकज कुमार पाण्डेय ने मय फोर्स मतगणना स्थल पर जमे रहे। आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ के नगर निकाय चुनाव में विस्तारीकरण के बाद 15 वार्ड बनाया गया था। नगर निकाय चुनाव के मतगणना के उपरांत वार्ड सभासद परिणाम इस प्रकार रहा वार्ड नंबर 1 अंबेडकर नगर से निर्मला देवी निर्दल 297 विजेता,लक्ष्मी उर्फ सुन्दरा 109उप विजेता। वार्ड नंबर 2 अटल नगर से मनोज कुमार बीजेपी 249 विजेता, धर्मेंद्र 146उपविजेता। वार्ड नंबर 3 संत रविदास नगर से प्रियंका श्रीवास्तव निर्दल 155 विजेता,पुषा 133उपविजेता। वार्ड नंबर 4 दशरथ नगर से मंजू मोदनवाल बीजेपी 413 विजेता, अरुण चौधरी326उपविजेता। वार्ड नंबर 5 महर्षि वाल्मीकि नगर से शिव शंकर निर्दल 158 विजेता, गिरधारी 157उपविजेता। वार्ड नंबर 6 आर्य नगर से मीरा देवी निर्दल 346 विजेता, सुभम वर्मा 219उपविजेता। वार्ड नंबर 7 सुभाष नगर से दिनेश कुमार निर्दल 255 विजेता, अनिल135उपविजेता। वार्ड नंबर 8 श्री राम जानकी मंदिर से सरोज कनौजिया बीजेपी 183 विजेता, माया चौधरी181उपविजेता। वार्ड नंबर 9 शिव नगर से अनूप कसौधन निर्दल 339विजेता, विजय कुमार188उपविजेता। वार्ड नंबर 10 गांधीनगर से अशरफ अंसारी निर्दल 551विजेता, तरन्नुम अंसारी 166 उपविजेता। वार्ड नंबर 11 रघुनाथ नगर से सुमन गौड़ निर्दल 204 विजेता, सीमा 153 उपविजेता। वार्ड नंबर 12 हनुमंत नगर से सतीश चंद्र वर्मा निर्दल 233विजेता, रिंकू उर्फ अभिनाश125 उपविजेता। वार्ड नंबर 13 वेणी माधव नगर से शिव प्रकाश निर्दल 224विजेता, सुनील117उपविजेता। वार्ड नंबर 14 मां भारती नगर से वकील खान निर्दल 274 विजेता, मनोज गुप्ता166उपविजेता। वार्ड नंबर 15 मोतीलाल नगर से संध्या निर्दल 376) विजेता, मुस्तफा 148उपविजेता ने विजय हासिल की।

## कर्नाटका विधानसभा चुनाव से गदगद कांग्रेसियों ने मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। एक तरफ उत्तर प्रदेश में जहां स्थानीय निकाय चुनाव





के परिणामों को लेकर जनता में खासा उत्साह दिख रहा है तो वही कर्नाटका विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की अप्रत्याशित जीतने पूरे देश की राजनीति को झकझोर दिया है जिस के क्रम में कांग्रेस पार्टी जनपद बलरामपुर जिला अध्यक्ष अनुज कुमार सिंह ने कर्नाटक में पार्टी के जीत को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री व गृहमंत्री ने जिस तरह से कर्नाटक विधानसभा चुनाव को व्यक्तिगत तौर पर लेते हुए अपने प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लिया था उसको जनता ने पूरी तरीके से नकार दिया है उक्त जीत से उत्साहित जनपद के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जनपद मुख्यालय के वीर विनय चौराहे पर इकट्ठा होकर जीत की खुशी में मिठाईयां बाटी व एक दूसरे का मुंह मीठा कराया उक्त अवसर पर कांग्रेश जिला अध्यक्ष अनुज कुमार सिंह के नेतृत्व में जिले के वरिष्ठ नेता घनश्याम मिश्र जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर प्रतीक मिश्रा अवधेश पाल सिंह विनय कुमार मिश्र अमेरिका प्रसाद कुरील पंकज शुक्ला कासिम जावेद अख्तर सिद्दीकी विशाल कश्यप मोहम्मद जमील मोहम्मद हनीफ हफीजुल्लाह सिद्दीकी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मातृ दिवस बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। मातृ दिवस की पूर्वसंध्या पर जीवीएम कान्वेंट स्कूल



बस्ती में मातृ दिवस बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जिसमें प्री प्राइमरी और प्राइमरी के बच्चों तथा उनकी माताओं ने प्रतिभाग लिया बच्चों ने फूल देकर अपनी मां स्नेह प्रकट किया और कुछ बच्चों ने मां ओ मां ओ मेरी मां गाना भी गाया साथी साथ कुछ बच्चों ने नृत्य भी किया इस अवसर पर उपस्थित जीवन कन्वेंट स्कूल की प्रधानाचार्य विजयलक्ष्मी सिंह सहित वहां पर उपस्थित सभी माताओं की आंखों में आंसू धारा निकल पड़े। और माताओं ने अपने बच्चों को गले से लगा लिया साथ ही बच्चों ने अपनी माताओं का चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। विद्यालय परिवार की तरफ से बच्चों के उज्जवल भविष्य की ढेर सारी शुभकामनायें।

# नपं उसका बाजार में पहली बार खिला कमल, भाजपा प्रत्याशी मंजू जायसवाल विजई





दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार,सिद्धार्थनगर। नगर पंचायत उसका बाजार के चुनाव मे भाजपा प्रत्याशी मंजू जायसवाल पत्नी हेमंत कुमार जायसवाल ने अपने निकटम प्रतिद्वंदी सपा की पुनीता यादव को हरा कर भारी मतों से जीत हासिल किया। मतगणना शुरू होते ही फल पोस्टल वोट की गिनती शुरू हुआ। कुल पांच मत पड़े थे सभी 5 मत मंजू जायसवाल को मिला। मतगणना के पहले चक्र में भाजपा को 1633 और सपा को 813 दूसरे चक्र में भाजपा को 2846 सपा को 1775 मिला। इस तरह बढ़ते चक्र के साथ भाजपा का वोट बढ़ता गया। कुल 5 चक्र की गणना में कुल पड़े मतों 14761 में से 8058 मत भाजपा प्रत्याशी मंजू जायसवाल को 4561 मत सपा प्रत्याशी पुनीता यादव को बसपा प्रत्याशी माया गुप्ता को 268 कांग्रेस प्रत्याशी शायरा खातून 181 निर्दलीय प्रभावती को 971मत पूजा को 23 मत शमसा खातून 103 नोटा को 29 अवैध मत 530 मिला। इस प्रकार 3497 मतों के अंतर से मंजू जायसवाल विजई हुई। ज्ञातव्य हो नगर निकाय उसका बाजार में पहली बार वर्ष 2012 में नगर पंचायत चुनाव हुआ था। जिसमे मंजू जायसवाल के पति हेमंत कुमार जायसवाल विजई होकर नगर के प्रथम चेयरमैन होने का गौरव प्राप्त किए थे। चुनाव जीतने के बाद समर्थको ने एक दूसरे से गले मिलकर, अबीर गुलाल लगा कर। माला पहनाकर अपने खुशी का इजहार करते हुए बधाई दिया। नगर के सभी 15 वार्डो में वार्ड संख्या 1 कांशीराम नगर से प्रमिला 276 मत पाकर विजई एवम गुड़िया 204 मत पाकर दूसरे स्थान पर रही। वार्ड संख्या 2 अंबेडकरनगर से कल्लू पासवान 277 पाकर विज विजई संदीप 239 मत पाकर दूसरे स्थान पर वार्ड संख्या 3 गांधीनगर से कासिम 242 मत पाकर विजई नसीम 239 मत पाकर दूसरे स्थान पर वार्ड संख्या 4 सरदार पटेल नगर से भाजपा प्रत्याशी कांती वर्मा 360 मत पाकर विजई अनीता 287 मत पाकर दूसरे स्थान पर वार्ड संख्या 5 लोहिया नगर से गुड़िया देवी 252 मत पाकर विजई नुशरत जहां 245 मत पाकर दूसरे स्थान पर वार्ड संख्या 6 अशोक नगर से सूर्यमती 289 मत पाकर विजई सूर्यबली 241 मत पाकर दूसरे स्थान पर वार्ड संख्या 7 सुभाष नगर से विभूति 243 मत पाकर विजई मनोज 143 मत पाकर दूसरे स्थान पर वार्ड संख्या 8 राजेंद्र नगर राजेश 441 मत पाकर विजई पंकज 409 मत पाकर दूसरे स्थान पर वार्ड संख्या 9 शिवाजी नगर से अंगद साहनी 292 मत पाकर विजई पप्पू 165 मत पाकर दूसरे स्थान पर वार्ड संख्या 10 मथुरानगर से मयंक पाण्डेय 191मत पाकर विजई आदर्श पाण्डेय 154 मत पाकर दूसरे स्थान पर वार्ड संख्या 11 इंदिरा नगर से उपेंद्र दूबे 223 मत पाकर विजई दुर्गेश भारती 198 मत पाकर दूसरे स्थान पर वार्ड संख्या 12 कृष्णा नगर से पूनम त्रिपाठी 431 मत पाकर विजई आशा 386 मत पाकर दूसरे स्थान पर वार्ड संख्या 13 रामनगर से अयोध्या साहू 323 मत पाकर विजई चंद्रगुप्त 259 मत पाकर दूसरे स्थान पर वार्ड संख्या 14 आजाद नगर से प्रेमा अग्रहरी 394 मत पाकर विजई मंशा साहनी 270 मत पाकर दूसरे स्थान पर वार्ड संख्या 15 आद्यया प्रसाद नगर से सूरज मोदनवाल 304 मत पाकर विजई शंभू जायसवाल 198 मत पाकर दूसरे स्थान पर रहे। सभी विजई प्रत्याशियों को आरओ ने प्रमाण पत्र दिया।



## दीप प्रज्वलन के साथ रीफ्रेश कार्यक्रम का शुभारंभ

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। करोंदा मसीना में प्रत्येक वर्ष की भाती इस वर्ष



भी डी एस एस ओ पी फर्मेशी के बच्चो द्वारा फेरवेल पार्टी का आयोजन किया गया जिसमे द्वितीय वर्ष के छात्रों द्वारा प्रथम वर्ष के छात्रों में अपने अनुभवों को साझा किया गया और कहा गया की हमसब का सौभाग्य है की आज हम एक ही कैंपस में शिक्षा की सभी सुविधाए प्राप्त कर रहे है ।और फर्मेशी इसी शिक्षा है की हम सरकारी के साथ प्राइवेट सेक्टर में भी अपना करियर बना सकते है और मानव सेवा कर सकते है ।फार्मेसी कॉलेज के विभागा अध्यक्ष डी एन यादव ने बताया की आप इस क्षेत्र में जितना ही कार्य करेंगे आप के साथ संस्था का भी नाम रोशन करेंगे ।कार्यक्रम के अंत में सभी ने संस्था की निदेशक डा 0सुशीला सिंह और ओ पी सिंह का आभार व्यक्त किया जिन्होंने आज इतनी बड़ी संस्था को करोंदा मसिना में लाकर चलाया।

## छठे चक्र कि मतगणना में सपा प्रत्याशी चमन आरा राइनी ने बाजी मारी

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी। मतगणना स्थल रतन सेन इण्टर कालेज बांसी में पांचवे चक्र कि गिनती तक भारतीय जनता पार्टी लगातार आगे रही। अन्त में छठे चक्र कि मतगणना में सपा प्रत्याशी चमन आरा राइनी ने बाजी मार लिया। हालांकि हार जीत में लगभग 250 मतों का हि अन्तर था। पुनर्मतगणना के बाद काफी जद्दोजहद के उपरान्त सपा प्रत्याशी चमन आरा राइनी को 235 मतों से विजई घोषित कर दिया। सुबह आठ बजे से शुरू हुए मतगणना के प्रथम चक्र से पांचवे चक्र तक बी जे पी प्रत्याशी पूनम जायसवाल अपनी बढ़त बनाए रही। जिससे बी जे पी प्रत्याशी और उनके समर्थकों में उत्साह दिख रहा था तो सपा खेमें में उदासी का माहौल दिख रहा था। पांचवे चक्र के परिणाम में महज 85 वोटों का अन्तर आने पर सपा प्रत्याशी के खेमे जीत का उत्साह दिखने लगा और चठेत चक्र के पूरा होते–होते सपा प्रत्याशी चमक आरा ने जीत का आंकड़ा पार कर लिया ।पुनर्मतगणना को लेकर घंटों भाजपा सपा प्रत्याशी समेत उनके समर्थक उत्साहित स्थिति में थे पुलिस प्रशासन ने पुनः मतगणना के पूर्व मीडिया कर्मियों को एक कक्ष में बैठा दिया और पुलिस प्रशासन ने स्वयं मतगणना टेबलो को छावनी में तब्दील कर दिया जिससे सभी में असमंजस की स्थिति बनी हुई थी। किसी प्रकार का उपद्रव ना हो इसके लिए प्रशासनिक अधिकारियों ने परिणाम को रोके रखा और सुरक्षा को लेकर विद्यालय परिसर से भीड़ हटाने के लिए कोतवाली प्रभारी अनुज कुमार सिंह ने माइक पर लोगों को दो बार चेतावनी दिया कि लोग अपने घरों को चले जाएं अन्यथा लाठीचार्ज करा दिया जाएगा इसके लिए उन्होंने माइक पर ही पुलिसकर्मियों से हेलमेट पहनकर डंडे के साथ तैयार रहने को कहा उसके बाद निर्वाचन अधिकारी प्रमोद कुमार ने माइक पर सपा प्रत्याशी चमन आरा राइनी को 235 वोटों से विजई घोषित कर दिया इस प्रकार अंतिम चरण में सपा प्रत्याशी को सर्वाधिक 8462 मत मिले,दूसरे स्थान पर रही भाजपा प्रत्याशी पूनम जायसवाल को 8227, तीसरे स्थान पर कांग्रेसी प्रत्याशी नीलम मौर्या को 2903 तथा चौथे स्थान पर रहीं ज्योति साहू को 2320 मत हि हासिल करने में सफलता मिला । निर्वाचन अधिकारी से प्रमाण पत्र पाते ही सपा प्रत्याशी चमारा रानी व उनके पति मो इद्रीश राइनी पटवारी को सुरक्षा के दृष्टिगत अपनी जीप में बैठाकर उनके घर पहुंचा दिया ।

# गोविंद माधव के जीत के जश्न में डूबा जिला मुख्यालय,सांसद ने दिया बधाई












दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। नगर निकाय चुनाव में सदर नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर की सीट से भाजपा प्रत्याशी गोविंद माधव ने अपने प्रतिद्वंदी पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष एवं निर्दलीय प्रत्याशी श्याम बिहारी जयसवाल को 1371 मतों से मात देकर विजय अपनी झोली में कर लिया। आपको बता दें कि गोविंद माधव का टिकट कंफर्म होने के बाद भाजपा से बागी हुए पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्याम बिहारी जायसवाल, पूर्व ब्लाक प्रमुख राजू सिंह एवं युवा ब्राह्मण नेता राकेश त्रिपाठी ने जहां निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने का मन बनाया था तो वहीं राकेश दत्त त्रिपाठी को बसपा ने अपना प्रत्याशी बना लिया था जिसके बाद लगातार बीजेपी की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही थी लोगों ने जीत की आशा भी छोड़ दी थी लेकिन जनता ने योगी और मोदी के कार्यों को देखते हुए पुनः भाजपा प्रत्याशी की झोली में जीत डाल दिया। जीत मिलने के बाद गोविंद माधव ने कहा यह हमारी जीत नहीं पूरी जनता की जीत है जो भी विकास कार्य रुके पड़े हैं उन्हें लगातार कराया जाएगा नगर पालिका को आदर्श नगर पालिका बनाया जाएगा आपको बता दें कि सुबह 7.00 बजे से ही जिला मुख्यालय के जय किसान इंटर कॉलेज में मतगणना स्थल बनाया गया था जहां सभी प्रत्याशी अपने लाव लश्कर के साथ मौजूद थे कड़े धूप के बावजूद भी ना तो प्रत्याशियों में जोश की कमी थी ना ही उनके बनाए हुए एजेंट में पल–पल आंकड़े बदलते जा रहे थे और सबके दिलों की धड़कन भी बढ़ रहे थे लेकिन ब्राह्मण और मुस्लिम मतदाताओं ने सबको चौक आते हुए जहां बीजेपी और गुलाम नबी आजाद का साथ पकड़ा तो वही बसपा के कैडर वोट ने भी बसपा का साथ छोड़ते हुए राजू सिंह की झोली में गिरते हुए नजर आए तो वही 2 दिन में ही अपने आप को मजबूत प्रत्याशी के रूप में प्रस्तुत करने वाले पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्याम बिहारी जयसवाल ने दलित एवं सर्वण वोटो पर सेधमारी करते हुए व्यापारियों के सहयोग से दूसरा स्थान पकड़ लिया जहां एक बार बीजेपी प्रत्याशी की भी धड़कने बढ़ने लगी थी तो वहीं सदर में काउंटिंग के दौरान स्थिति नॉर्मल हुई और बीजेपी प्रत्याशी विजई घोषित हुआ शाम लगभग 6.00 बजे प्रमाण पत्र लेते समय डुमरियागंज के सांसद जगदंबिका पाल भी मौजूद रहे उन्होंने भी जश्न में भाग लेते हुए पैदल जीत की रैली में भी भाग लिया। इस दौरान बीजेपी के लगभग सभी बड़े नेता मौजूद रहे जिस में मुख्य रुप से संजू राय, प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव, फतेह बहादुरसिंह,सदर विधायक प्रतिनिधि सत्यप्रकाश राही ,नितेश पांडे,अर्चिष्मन मिश्रा, विजय पांडे ,विपिन सिंह, विजयकान्त चतुर्वेदी, जयप्रकाश मिश्र, विजय सिंह, अविनाश सिंह, मंगेश सिंह सहित हजारों की संख्या में समर्थक मौजूद रहे।




# कितने मतों से कौन कहां से जीता,सिद्धार्थनगर







## नगरपंचायत कपिलवस्तु से सपा की आरती देवी 465 वोटों से विजयी

बीजेपी प्रमीला देवी –2643
सपा –आरती देवी,,4804
बसपा –677
तारा देवी निर्दल–4339

## शोहरतगढ़ नगर पंचायत से निर्दल उमा अग्रवाल 3533 मत पाकर चुनाव जीतीं

निर्दल रितु सिंह 3292 मत
उमा अग्रवाल 241 वोट से विजयी

## बिस्कोहर नगर पंचायत से अजय गुप्ता भाजपा से 4017 मत पाकर चुनाव जीते

कांग्रेस 2008
विकास 1785
सलीम 1726
सुरेश सपा 642
बसपा 594 मत मिले

## इटवा नगर पंचायत से भाजपा के विकास जायसवाल 5834 मत पाकर चुनाव जीते

सपा 1874
बसपा 2793
कांग्रेस 4277 मत मिलें

## उसका बाजार नगर पंचायत

भाजपा की मंजू जायसवाल 3497 मत पाकर चुनाव जीते

## भारत भारी नगर पंचायत से प्रकाश वर्मा–भाजपा से 2909 मत पाकर चुनाव जीते

विजय कुमार पांडेय––––निर्दल––––1732
रामशंकर–––निर्दल––––1453
विजय अग्रहरि–––सपा समर्पित––1434
अजीजुल्लाह––––बसपा––1293

## डुमरियागंज नगर पंचायत से बसपा की साजिया 4601 मत पाकर चुनाव जीती

बीना देवी भाजपा––––4462
सुशीला निर्दल–4448
कहकशा सपा ––3054

## नगरपालिका सि)ार्थनगर से भाजपा के गोविंद माधव चुनाव जीते

गोविंद माधव भाजपा को 7442
श्याम बिहारी निर्दल को 6071
संजू सिंह निर्दल को 5746
राकेश त्रिपाठी बसपा को 3609





रामसेवक सपा को 3653 मत मिले

## बढ़नी चाफा नगर पंचायत से भाजपा के धर्मराज वर्मा 6611 मत पाकर चुनाव जीते

अजय सिंह वर्मा–––बसपा––––2488
लक्ष्मी देवी–––सपा––––1142
अली मजहर–––आप ––756

## बांसी नगर पालिका से सपा की चमन आरा राइनी 8462 मत पाकर चुनाव जीती

पूनम जयसवाल भाजपा––––8227
ज्योति साहू बसपाकृकृ–2920
नीलम मौर्य कांग्रेस ––2903




## सम्पादकीय

**कुश्ती संघ में ब्रजभूषण का आज भी वर्चस्व है। वरिष्ठ कोचों और संघ के अधिकारियों द्वारा महिला पहलवानों के परिजनों तक को धमकाया जा रहा है। पैसे. का लालच दिया जा रहा है। वे सभी दबाव में हैं। यह खुलासा भी धरने वालों ने ही किया। अदालत में सच सामने आ सकता है । सवाल यौन हिंसा का है और नया कानून बेहद...**

# कुश्ती पहलवानों की पीड़ा?

जिन पहलवानों ने कुश्ती के अन्तर्राष्ट्रीय मुकाबलों में भारत के लिए, पदक जीते थे, तब वह श्राष्ट्रीय नायकश था। महिला या पुरुष कुछ भी हो सकता है। वह चेहरा भारतीय खिलाड़ी का था। वह किसी भी खेल का प्रतिनिधि हो सकता है, लेकिन जीत के ऐसे लम्हों में हमारा शतिरंगाश सम्मानित होता है। राष्ट्रगान की धुन बजाई जाती है। देश और प्रधानमंत्री गौरवान्वित महसूस करते हुए तालियां बजाते हैं। रोड शो के जरिए उन खिलाडियों का अभिनंदन किया जाता है । उन्हें सम्मानों से नवाजा जाता है और सरकारी नौकरियां भी मुहैया कराई जाती हैं । प्रधानमंत्री ने अपने आवास पर भारत के ऐसे होनहार, पदकवीर खिलाडियों को रात्रि भोज दिया है, यह समूचा देश जानता है। आज वही खिलाड़ी जंतर–मंतर पर धरना दिए बैठे हैं। उनकी आंखों में आंसू हैं, मन में गहरी निराशा है। क्या वे अब देश के लिए श्दंगलश लड़ पाएंगे? क्या प्रधानमंत्री और सरकार के संज्ञान में नहीं है कि महिला पहलवानों ने यौन उत्पीडन के आरोप लगाए हैं। एक पहलवान तो 16 वर्षीय नाबालिग बताई गई है। सीधा श्पॉक्सोश का केस बनता है और आरोपित व्यक्ति जेल में होना चाहिए था। चूंकि भारतीय कुश्ती संघ का अध्यक्ष, भाजपा का 6 बार का बाहुबली सांसद, ब्रजभूषण शरण सिंह है, लिहाजा मुद्दे को लटकाया, भटकाया जा रहा है। पुलिस भी प्राथमिकी दर्ज करने में कन्नी काट रही है। बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट, रवि दहिया, साक्षी मलिक, दीपक पूनिया सरीखे चौम्पियन, पदकवीर पहलवानों को दुनिया जानती है। उन्होंने कुश्ती के लिए श्मील– पत्थरश स्थापित किए हैं। दुनिया उनके दंगल की दाद देती रही है। वे यौन शोषण की शिकार पहलवान–बेटियों की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्हें शर्म आनी चाहिए, जो उनकी जीत पर गर्वोन्मत्त हुए थे। पहलवान–बेटियों को, अंततरू, सर्वोच्च अदालत की चौखट तक जाना पड़ा । दुनिया देश पर थू–थू कर रही होगी। देश के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने भी आरोपों को गंभीर माना है और दिल्ली पुलिस का जवाब तलब किया है। आज शीर्ष अदालत में सुनवाई है। दरअसल बुनियादी सवाल और चिंता खेल की है। खेलों के मामले में भारत अपेक्षाकृत कमजोर है। ऐसे यौन उत्पीडन किए जाएंगे, तो कमोबेश कौन मां–बाप अपनी बेटी को खेलने की इजाजत देगा? ये विश्वविख्यात पहलवान जनवरी, 2023 में भी जंतर–मंतर पर ही बैठे थे, तब उन्होंने खेल मंत्रालय के आश्वासन पर भरोसा करने की गलती की थी। इस अंतराल में मुक्केबाजी की 6 बार की विश्व चौम्पियन रहीं मैरी कोम की अध्यक्षता वाली कमेटी ने क्या निष्कर्ष तय किए, क्या रपट तैयार की और सच तक पहुंचने की कोशिश की, सब कुछ परदे में है। पहलवान रही और कमेटी की एक सदस्य बबीता फोगाट के रपट पर हस्ताक्षर किस तरह जबरन कराए गए और उनसे रपट भी छीन ली गई, इसका खुलासा उन्होंने ही किया है। कुश्ती संघ में ब्रजभूषण का आज भी वर्चस्व है। वरिष्ठ कोचों और संघ के अधिकारियों द्वारा महिला पहलवानों के परिजनों तक को धमकाया जा रहा है। पैसे. का लालच दिया जा रहा है। वे सभी दबाव में हैं। यह खुलासा भी धरने वालों ने ही किया। अदालत में सच सामने आ सकता है । सवाल यौन हिंसा का है और नया कानून बेहद सख्त है। प्राथमिकी दर्ज न करने वाला पुलिस अफसर भी नप सकता है । सवाल यह भी है कि आज कुश्ती में कुकर्म सामने आ रहे हैं, तो कल दूसरे खेलों की महिला खिलाडियों के साथ घिनौनेपन किए जा सकते हैं। भारत में महिला क्रिकेट और हॉकी टीमें भी खेल रही हैं। बैडमिंटन और निशानेबाजी, तीरंदाजी आदि खेलों में भी महिलाओं ने विश्व कीर्तिमान स्थापित किए हैं। क्या खेल संघों के पुरुषों की हवस के लिए खेलों की बलि दी जा सकती है? यदि प्रधानमंत्री मोदी भी ऐसे मामलों पर खामोश हैं, तो यह ठीक नहीं है ।

# शिव की व्याप्ति प्रत्येक हिन्दू हृदय में है



भगवान शिव ब्रह्म हैं। वे घट घट में व्याप्त हैं। वे जगत नियंता हैं। इसलिए उनकी व्याप्ति इस संसार के प्रत्येक मनुष्य के हृदय में है। इस बात को आप जानते हैं न कि शिव में मात्रा हटा दीजिए तो वह शव हो जाता है। शिव असीम ऊर्जा और शक्ति के स्रोत हैं। वे सर्व शक्तिमान हैं। भक्त वत्सल हैं और भक्तों पर त्वरित प्रसन्न होने वाले हैं। वे करुणा निधान हैं। भक्तों में अक्षय ऊर्जा को अंतरित करने वाले हैं। आप देखिए तो पाएंगे कि प्रत्येक मनुष्य के हृदय में व्याप्त हुए भगवान भोलेनाथ की महिमा अत्यंत निराली है। इसलिए प्रत्येक मनुष्य द्वारा उनके उपासना की अलग पद्धति भी है। भगवान भोलेनाथ को कोई जल चढ़ाकर प्रसन्न कर लेता है तो कोई उपासना के द्वारा शिव शम्भू को प्रसन्न कर लेता है। सभी मनुष्यों के अलग अलग शिव हैं। हृदय में व्याप्त प्रत्येक मनुष्यों की स्व हृदय व्यापी भगवान शिव की अलग अलग अपेक्षाएं भी हैं। कोई धन की मांग करता है तो कोई बल, कोई बुद्धि और तो कोई विवेक और कोई अपने आचरण के अनुरूप छल, दंभ और कोई सियासी दांवपेंच में पौ बारह की अनुभूति से सराबोर होना चाहता है। हरि अनंत हरि कथा अनंता और कृपालु देव भगवान शिव की अखंड कृपा भी सभी लोगों पर है। क्योंकि वे परम ब्रह्म हैं। गोस्वामी तुलसीदास जी प्रभु श्रीराम के विषय में लिखते हैं कि जाकी रही भावना जैसी ता प्रभु देखी मूरत तिन तैसी। हालांकि गोस्वामी तुलसीदास जी ने इस बात को प्रभु श्रीराम के विषय में लिखा है किंतु साथियों! यह बात भगवान भोलेनाथ के विषय में भी अक्षरशरू सत्य है। जैसा आपका मनोभाव होगा भगवान शिव की छवि भी आपके हृदय में वैसी ही व्याप्त होगी। प्रभु शिव अनंत हैं। उनकी छवियां अनंत हैं। अनंत छवियों के द्वारा वे सभी पदार्थों को भक्तजन में वितरित करने वाले हैं। सकल पदारथ है जग माहीं करम हीन नर पावत नाहीं। अर्थात इसी ब्रह्मांड में सब कुछ है लेकिन कर्म हीन प्राणी उसे प्राप्त नहीं कर पाता है। गीता में भी भी भगवान श्री कृष्ण ने कर्मण्ये वा धिकारस्ते का उपदेश दिया है। जो मनुष्य कर्म नहीं करता उसे फल की प्राप्ति नहीं होती है। इसलिए भगवान भोलेनाथ को हृदय में बसाते हुए कर्म रत रहिए। जय शिव शम्भू। हर हर महादेव।

**लेखक विनय कांत मिश्र/दैनिक बुद्ध का संदेश**

# भारतीय रुपए का अंबार रूस के काम का नहीं!

**रूस चाहता है कि भारत चीनी करेंसी युआन या अन्य किसी मुद्रा में भुगतान करे। सो अब रूस से सस्ता तेल और ईंधन खरीदने वाले भारतीय आयातकों की मुश्किले बननी है।सब गलतफहमी में थे कि रुपये में रूस को भुगतान स्थाई रूप से चलता रहेगा। दूसरी करेंसी खरीदने पर खर्च नहीं करना पड़ेगा। लब्बोलुआब यह कि यदि यह समस्या जल्दी नहीं सुलझी तो भारत को भविष्य में तेल के गंभीर संकट का सामना...**

श्रुति व्यास

रूस का खजाना भारत के अरबों–खरबों रुपयों से भरा पड़ा है।और रूस रुपयों के पहाड़ से छुटकारा चाहता है।उसे अब और नहीं चाहिए भारत की लचर–सस्ती करेंसी। उसे भारत से ऐसी दूसरी करेंसी चाहिए जो मजबूत हो। जिसे लेने में दुनिया के बाजार में कोई मना नहीं करें। जो उसके लड़ाई जीतने में काम आए। रूस ने साफ बता दिया है कि वह भारत को रुपए की जगह दूसरी करेंसी देनी होगी नहीं तो तेल नहीं मिलेगा। इसका खुलासा गोवा में शंघाई कोऑपरेशन आर्गेनाइजेशन (एससीओ) के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों कीबैठक के दौरान हुआ। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने साफ शब्दों में कहा है रूस के लिए रुपयों से भरा खजाना मुसीबत है। इसका उपयोग नहीं हो पा रहा है। क्या मतलब है? मोटा मोटी यह कि भारत झूठ के अपने ही बुने जाल में फँसा है।: दिसंबर 2022 में भारत और रूस ने अपने व्यापारिक लेनदेन को रुपयों में निपटाया। यह अंतर्राष्ट्रीय ट्रेड सेटलमेंट का भाग था। रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद था। इस पर भारत ने बढ़–चढ़ कर हल्ला बनाया। दावा किया गया कि रूपया श्ग्लोबल करेंसीच (2023 की शुरुआत में ऐसे दावे)बनने की राह पर है।जैसे संयुक्त राष्ट्रसंघ की सुरक्षा परिषद् में स्थाई सीट का हल्ला स्थाई है वैसे रुपये को इंटरनेशनल करेंसी बनाना भी लम्बे समय से भारत की सरकारों का एजेंडा रहा है।यह अलग बात है कि भारत की राजनीति व आर्थिक अस्थिरता और भू–राजनैतिक तनावों के चलते ये दोनों ही लक्ष्य हवाबाजी में अटके रहे है। मगर2023 की शुरुआत में भारत में खूब हल्ला हुआ करेंसी के सपने के पूरे होने का। तब जारी आधिकारिक आंकडे में कहा गया कि देश में विदेशी पोर्टफोलियो इन्वेस्टमेंट जो 2008 में 12 अरब डॉलर था, 2020 में 80 अरब डॉलर हो गया।व्यापार व निवेश में अवसरों के ऐसे बढने से रुपये का अंतर्राष्ट्रीयकरण हो रहा है।भारतीय अर्थव्यवस्था, अंतर्राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में एकीकृत होते हुए है। वाह, क्या बात! इस पहलू पर सोशल मीडिया में भक्तों ने, मीडिया ने जनता को खूब बरगलाया। जम कर तालियाँ बजी। और आज की असलियत। रूस ने कहा है वह रुपये में व्यापार नहीं करेगा।रूपए का अंबार उसके काम का नहीं है। स्वाभाविक तौर पर इस खबर को दबा दिया गया। इस पर हल्ला नहीं हुआ। उलटे जनता को एक नया झुनझुना पकड़ा दिया गया है।लोगों को बताया जा रहा है कि अब वे दोहा और दुबई के हवाईअड्डों पर रुपये से शॉपिंग कर सकते हैं। कुल मिलाकर रुपये की हैसियत, उसकी वैश्विक वेल्यू की पोल जगजाहिर है। ध्यान रहेरूस–यूक्रेन लड़ाई के बाद से भारत का रूस से आयात पांच गुना बढ़ा है। भारत की कुल खरीदारी 41.56 अरब डॉलर हो गयी है। मुख्य कारण रूस हमें सस्ते दामों पर कच्चा तेल बेच रहा है।यह खरीदी रूपए दे कर हुई। लेकिन रूस भारत की करेंसी से अपनी जरूरत का सामान नहीं खरीद सकता है। उसकी खरीद लिस्ट में भारत से खरीदने लायक बहुत कम है। उसके लिए यह भी संभव नहीं है कि वह भारत के रूपए को दूसरे देशों को दे कर उनसे सामान खरीदें। भारत की करेंसी को कौन लेगा? रूपए को बेच कर डालर या किसी अन्य वैश्विक करेंसी कनवर्ट करना या भारत से डालर में पेमेंट लेना इसलिए मुश्किल है क्योंकि रूस पर पाबंदी है अमेरिका केंद्रीत बैंक स्विफ्ट मैसेजिंग सिस्टम के उपयोग पर। अमरीका–योरोप की पाबंदियों से डॉलर उसकी पहुँच से बाहर है। ऐसी ही समस्या सन 2019 में भारत को ईरान से व्यापार में आई थी। अमरीका के तब ईरान पर प्रतिबन्धा थे। उस समय भारत और ईरान ने सिंगापुर के जरिये व्यापार करने का रास्ता निकाला था। इस कारण ईरान को रूस के तरह रुपए के विशाल ढेर की समस्या का सामना नहीं करना पड़ा था। पिछले एक वर्ष से भारत की रिफाइनरियाँ, यूएई के दिरहम, रूसी रूबल और ढेर सारे रुपयों में रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीद रहीं हैं। सो रूस के पास रुपये ही रुपये हैं लेकिन अब वे किसी काम के नहीं है। कारण यह कि दावों के विपरीत, रूपया न तो ग्लोबल करेंसी था और ना है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में रूपया पूर्ण परिवर्तनीय मुद्रा नहीं है।असलियत है कि सामानों के कुल वैश्विक निर्यात में भारत का हिस्सा केवल दो प्रतिशत है। तभी अन्य देश अपने विदेशी मुद्रा भंडार में रुपया रखने के लिए बहुत आतुर नहीं रहते। भारत के पास ऐसी कोई चीज भी नहीं है जिसे खरीद कर रूस अपने रुपये के भण्डार से छुटकारा पा सके। तो अब आगे क्या होगा? चार मई को रायटर्स की एक रिपोर्ट में दो सरकारी अधिकारियों और एक सोर्स के हवाले बताया गया है कि भारत और रूस ने आपसी व्यापारिक सौदों का रुपये में निपटारा करना बंद कर दिया है। सस्ते तेल के चक्कर में भारत का रूस से तेल का आयात 12 गुना बढ़ा है। भारत की कच्चे तेल की खरीद में रूस का हिस्सा 27 प्रतिशत हो गया है। युद्ध के पहले यह 2 प्रतिशत था। इसके विपरीत, भारत से रूस को निर्यात नाममात्र का है। भारत पर रूस का 2 अरब डॉलर का कर्ज है। रूसी हथियारों को भारत खरीद तो रहा है परन्तु इसका भुगतान न तो डॉलर में किया जा सकता है और ना रुपये में। रूस चाहता है कि भारत चीनी करेंसी युआन या अन्य किसी मुद्रा में भुगतान करे। सो अब रूस से सस्ता तेल और ईंधन खरीदने वाले भारतीय आयातकों की मुश्किले बननी है।सब गलतफहमी में थे कि रुपये में रूस को भुगतान स्थाई रूप से चलता रहेगा। दूसरी करेंसी खरीदने पर खर्च नहीं करना पड़ेगा। लब्बोलुआब यह कि यदि यह समस्या जल्दी नहीं सुलझी तो भारत को भविष्य में तेल के गंभीर संकट का सामना करना पड़ सकता है। यह बात अलग है कि लोगों को भले इसकी चिंता न हो।

# मदर्स डे : मां को मजबूत बनाने का दिन

14 मई 2023 मदर्स डे है। यह दिन माताओं के प्रति श्रद्धा जताने के लिए समर्पित है। जैसा कि हम सभी को पता है कि मां की महिमा अनंत है इसमें यह बात सबसे महत्वपूर्ण है कि हम सभी माता की वजह से इस दुनिया में आते हैं और शुरुआत के कुछ साल उन्हीं की सानिध्य और समर्पण के कारण दुनिया दारी की पहचान हो पाती है। यद्यपि जब बच्चे की पंख हो जाए तो वह उड़ जाता है और नया घोंसला बना अपनी दुनिया में व्यस्त हो जाता है। नया सफर, नये साथी और नये माहौल में अधिकांश लोग ऐसे गुम हो जाते हैं कि वे भूल जाते हैं कि इससे पीछे भी एक दुनिया है, जिसकी मदद से वे आगे बढ़े हैं। माताएं पुराने दिन को याद करती हुई आवाज लगाती रहती हैं पर या तो बच्चे माता–पिता से दूर रहने लगते हैं या जो आसपास भी रहते हैं, वे मां का समुचित ख्याल नहीं रखते। परिवार में अपनी अहमियत को न समझे जाने के कारण माता–पिता हताश एवं उपेक्षित जीवन जीने को विवश होते जा रहे हैं।

एक सर्वे के मुताबिक 30 से 50 फीसदी बुजुर्गों में ऐसे लक्षण मौजूद थे जो उन्हें अवसाद (डिप्रेशन) का शिकार बनाते हैं। अकेले रहने को विवश वृद्धों में एक बड़ी संख्या विशेष रूप से सिंगल महिलाओं की है।मातृत्व दिवस माताओं की स्थिति कैसे सुधारे, इन सभी बिंदुओं पर विचार का दिन है।

यद्यपि जिन्हें फर्ज ही नहीं, अपना हक भी पता होता है, वे युवा संतान को अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए जिम्मेदार बनाते हैं और उनके बच्चे फर्ज निभाते भी हैं। अगर किसी भी वजह से संतान जिम्मेदारी नहीं निभा पाए तो अपने विकल्प का इंतजाम भी रखते हैं ताकि बुढ़ापे में या जरूरत पर अपनी जिंदगी सहजता पूर्वक जी सके। ऐसी सशक्त माताएं भी हमारे समाज का हिस्सा रही हैं जो बच्चे के प्रति ड्यूटी निभाते हुए भी अपने आपको ऐसे संवारा कि जब तक जिए, सर उठाकर जिए। हमारी इस लेखनी का उद्देश्य माता धर्म के साथ–साथ महिलाएं कैसे एक मजबूत व्यक्तित्व के रूप में भी अपनी छवि बना पाए, बच्चा बड़ा होकर कमाएगा तो उसका ध्यान रखेगा। यद्यपि यह भी देखा गया है कि बच्चे की जिम्मेदारी निभाए जाने की वजह से महिलाओं का भी बहुत विकास होता है। वह बच्चों के हित में वह सब करने लगती




इस दिशा में चर्चा करना है।

मां का मतलब एक ऐसे बच्चे को जन्म देना, जिसे कुछ भी नहीं पता। न उस बच्चे को खुद का ध्यान रखना आता है और न यह समझ होती है कि क्या सही और क्या गलत है। उसे अपने लाड़–प्यार संग बड़ा करते हुए सही–गलत की पहचान कराने की जिम्मेदारी भी मां उठाने लगती है। कहते हैं कि मां का नाम ममता और मोह भी है, बच्चे के रूप में अपने शरीर के अंश को बड़ा और बेहतर बनाने का मोह हो जाता है। यह मोह सिर्फ नारी में नहीं, हर मादा प्राणी में देखा जाता है। करीब करीब सभी अपने बच्चे का तब तक ध्यान रखते हैं जब तक कि वह स्वयं का ध्यान रखने के काबिल न हो जाए।इसी कड़ी में माताएं बच्चा होने के बाद अपनी जवानी के कई साल बच्चे की परवरिश और देखभाल के नाम पर गुजार देती हैं, इस आशा में जब है, जो इससे पहले कर नहीं पाती थी। जैसे बच्चे की जरूरत के लिए माता या पिता द्वारा कमाई के वह सभी रास्ते तलाश करना जो इससे पहले उन्हें उतना अधिक जरूरी नहीं लगा था या फिर बच्चे की रक्षा के लिए स्त्री का दुर्गा माता बन जाना। समाज में गौर करे तो ऐसे कितने ही कपल मिल जाएंगे जिन्होंने बच्चा होने के बाद कमाना सीखा।यह सब ठीक है महिला का माता के रूप में बेहतर से बेहतर बनने की ओर प्रेरित होने के लिए। बस यहाँ ध्यान रखना है कि बच्चे के विकास के साथ–साथ अपने भविष्य के लिए भी अपनी कमाई का एक हिस्सा जैसे फिक्स्ड डिपॉजिट, म्यूचुअल फंड या शेयर मार्केट आदि जैसे चक्रवृद्धि ब्याज देने वाली आमदनी में इन्वेस्ट करे। यह छोटा इन्वेस्टमेंट महिला की ताकत बनी रहेगी।

यह बात गौर करने लायक है कि मनुष्य उतना ही कार्य करता है, जितना उसे जरूरी लगता है। जैसे वर्तमान में उसे बच्चे की रक्षा और विकास जरूरी लगता है तो वह उसके हित में वह सब करती है। वैसे ही अपने भविष्य का ध्यान रखना भी जरूरी है ताकि बच्चा रिटर्निंग के रूप में उसके काम आए न आए, सेकंड चांस के रूप में उसका विकल्प भी उसके साथ तो रहे। गौर करिएगा तो दिखेगा, जितने भी अमीर लोग है, वे इसी अर्थ में गरीब से अलग और बेहतर हैं कि बच्चे को तो उन्होंने भी पाला है। अपने बजट के अनुसार बेहतर से बेहतर स्कूलिंग और सुविधाएं देकर लेकिन सारी उम्मीदें बच्चे पर थोपने के बजाय वे अपने भविष्य के लिए भी इन्वेस्टमेंट करना नहीं भूलते। तभी पेंशन या इनवेस्टमेंट उन्हें आर्थिक रूप से कभी मोहताज नहीं बनाता। साधारण और खास लोगों में एक यही बड़ा फर्क होता है कि साधारण व्यक्ति सिर्फ आज को देखता है जबकि खास व्यक्ति भविष्य का अनुमान लगाकर उसके लिए पहले ही तैयारी कर लेता है। जो सरकारी नौकरी में उन्हें देश सेवा के रूप में पेंशन मिलता है, उनका बूढापा इसलिए अच्छा कट जाता है पर कुछ ऐसे लोगों को भी जानती हूँ जो प्राइवेट नौकरी में थे पर धीरे–धीरे एक बड़ा रकम बैंक में जमा करके उन्होंने रख लिया और बाद में जरुरत पर उस रकम का इंटरेस्ट वे पेंशन के रूप में हर महीना उठाते हैं। कमाऊ बच्चे के दूर जाने के बाद भी वे किसी के आर्थिक रूप से मोहताज नहीं है।जो आर्थिक रूप से किसी का मोहताज नहीं होता या फाइनेंशियल इंडिपेंडेंस होता है, वही अधिक सफल व्यक्तियों में गिना जाता है। ठीक है, सब कुछ पैसा ही नहीं है लेकिन पैसा बहुत कुछ है क्योंकि बहुत सारी चीजें पैसे से ही आता है। अगर अपना घर है तो हर महीने का राशन, आवश्यक चीजें और तबीयत खराब होने पर दवा आदि का इंतजाम । अपना घर नहीं तो रेंट की भी व्यवस्था, यह सब पैसे की बदौलत ही संभव हो पाती है। एक उम्र के बाद स्वयं से कमाया जाता नहीं, ऐसे में या तो कमाऊ संतान पर मोहताज रहे या फिर अपना इनवेस्टमेंट की बदौलत अच्छी जिंदगी जिए। निर्णय हर किसी के हाथ में होता है। जिस पर हर नारी को सोचना चाहिए। मां का मतलब बच्चे के हित में ऐसे मिटना नहीं होता कि अपना भविष्य ही संवारे न जाए या फिर खुद की ऐसी स्थिति बना ले कि जिस बच्चे के लिए अपनी उम्र का एक बड़ा समय दे दिया, उसी से हाथ फैलाना पड़े। हां अपना हक नहीं छोड़ना चाहिए, न भविष्य में और न वर्तमान में । जरूरत पर अपना सब कुछ बांटने में बुरा नहीं पर इतनी भी कुर्बानी ठीक नहीं कि स्वयं के पैर रखने की जगह ही न बचे। तात्पर्य माताओं को स्वयं की मजबूती के लिए भी हर प्रयास करना चाहिए।

किसी भी वजह से अगर माता स्वयं ऐसा न कर पाए तो जागरूक युवा संतान का भी कर्तव्य है कि वे मां के हित में कुछ ऐसा करे जो मां को किसी का मोहताज बने रहने को मजबूर न करे। वे स्वयं सबलता के साथ जीवन जी पाए, इस दिशा में प्रयास करे। मां की वंदना की जाये न की जाये, मदर्स डे के नाम पर माता की जिसमें खुशी है, उनकी पहचान कर उन्हें मजबूत बनाया जाए। यही हर मां का असली गिफ्ट हो सकता है जिसमें उनके बच्चे का उनके प्रति समर्पण रहे और वे वह सब कर पाए, जिसकी उसकी दिली आकांक्षा हो।

**लेखकः कुलीना कुमारी/ दैनिक बुद्ध का सदेश**



# महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में क्या अंतिम बार खेलेगी सीएसके? प्लेऑफ का टिकट पाने उतरेगी टीम, केकेआर के खिलाफ ऐसे होगा मुकाबला

इंडियन प्रीमियर लीग 2023 में रविवार को चेन्नई सुपर किंग्स की टीम इस सीजन में अपने घरेलू मैदान चौपॉक स्टेडियम में अंतिम बार खेलने उतरेगी। कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के रिटायरमेंट की खबरों के बीच चेन्नई सुपर किंग्स की टीम चेपॉक स्टेडियम में इस सीजन में उनके नेतृत्व में आखिरी बार खेलेगी। इस मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स का सामना कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम के साथ होना है।

इस मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स की टीम जीत हासिल करना चाहेगी ताकि प्लेऑफ के लिए उसका टिकट पक्का हो सके। बता दें कि चेन्नई सुपर किंग्स की टीम 12 मुकाबले खेल चुकी है जिसमें उसके कुल 15 पॉइंट्स है। चेन्नई सुपर किंग्स की टीम प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए काफी मजबूत स्थिति में है। महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई वाली टीम ने अपने पिछले दोनों मुकाबलों में जीत दर्ज की है जिससे टीम का आत्मविश्वास बढ़ा हुआ है।




धोनी के दो छक्के ही चेपॉक स्टेडियम में मौजूद दर्शकों के जश्न मनाने के लिए पर्याप्त होंगे जैसा कि उन्होंने दिल्ली के खिलाफ मैच में किया था जो कि आखिर में महत्वपूर्ण साबित हुए थे। सीएसके की बल्लेबाजी काफी मजबूत है। न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे और रुतुराज गायकवाड टीम को अच्छी शुरुआत दिला रहे हैं जबकि उसके बाद अजिंक्य रहाणे और शिवम दुबे अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभा रहे हैं। मोईन अली, रविंद्र जडेजा और अंबाती रायुडु जैसे बल्लेबाज अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं लेकिन सीएसके ने इस कमी को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। गेंदबाजी में श्रीलंका के मथीशा पथिराना टीम के लिए तुरुप का इक्का साबित हुए हैं। तुषार देशपांडे भले ही महंगे साबित हुए हैं लेकिन उन्होंने विकेट लेने में कोताही नहीं बरती है। स्पिन विभाग में जडेजा, मोईन अली और महेश तीक्ष्णा अच्छी भूमिका निभा रहे हैं।

केकेआर के सामने मुश्किल

बता दें कि नितीश राणा के नेतृत्व वाली कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के केवल 10 अंक हैं और उसे अपने बाकी बचे दोनों मैच जीतने के अलावा बाकी टीमों के परिणाम भी अपने अनुकूल रहने की प्रार्थना करनी होगी। कोलकाता के लिए चेन्नई की टीम को अपने घरेलू मैदान पर हराना आसान नहीं होगा। इस मैच में केकेआर की संभावना उसके स्पिनरों के प्रदर्शन पर टिकी रहेगी। वरुण चक्रवर्ती और सुयश शर्मा रविवार को कैसा प्रदर्शन करते हैं, इस पर मैच का परिणाम निर्भर कर सकता है। अनुभवी सुनील नारायण इस सत्र में अभी तक नाकाम रहे हैं और वह यहां वापसी करने की कोशिश करेंगे। बल्लेबाजी में कप्तान नितीश राणा और वेंकटेश अय्यर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन केकेआर को अपने सलामी बल्लेबाजों से अच्छी शुरुआत की उम्मीद रहेगी। केकेआर के बल्लेबाजों को हालांकि पथिराना के यॉर्कर और धीमी गेंदों तथा जडेजा की चतुराई भरी गेंदबाजी से सतर्क रहना होगा।

टीम इस प्रकार हैंः

चेन्नई सुपर किंग्सः एमएस धोनी (कप्तान एवं विकेटकीपर), आकाश सिंह, मोइन अली, भगत वर्मा, दीपक चाहर, डेवोन कॉनवे, तुषार देशपांडे, शिवम दुबे, रुतुराज गायकवाड़, राजवर्धन हैंगरगेकर, रवींद्र जडेजा, सिसंडा मगाला, अजय मंडल, मथीशा पथिराना , ड्वेन प्रीटोरियस, अजिंक्य रहाणे, शैक रशीद, अंबाती रायडू, मिचेल सेंटनर, सुभ्रांशु सेनापति, सिमरजीत सिंह, निशांत सिंधु, प्रशांत सोलंकी, बेन स्टोक्स, महेश तीक्ष्णा।

कोलकाता नाइट राइडर्सः नीतीश राणा (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, जेसन रॉय, वेंकटेश अय्यर, आंद्रे रसेल, सुनील नारायण, शार्दुल ठाकुर, लॉकी फर्ग्यूसन, उमेश यादव, टिम साउदी, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती, अनुकुल रॉय, रिंकू सिंह, एन जगदीसन, वैभव अरोड़ा, सुयश शर्मा, डेविड वीज, कुलवंत खेजरोलिया, मनदीप सिंह, आर्या देसाई और जॉनसन चार्ल्स। मैच शुरूरू शाम 7.30 बजे।

# मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने दर्ज करवाई एफआईआर ,फोटो और आवाज के इस्तेमाल से हैं नाराज

मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर आमतौर पर किसी के खिलाफ गुस्सा जाहिर नहीं करते है। वो काफी शांत स्वभाव के हैं और हमेशा मुस्कुराते हुए ही नजर आते है। मगर इस बार उन्होंने अपनी नाराजगी जाहिर की है। यहां तक उन्होंने एफआईआर भी दर्ज कराई है।

जानकारी के मुताबिक सचिन तेंदुलकर नकली विज्ञापनों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया है, जिसमें उन्होंने अपने नाम, आवाज और तस्वीरों के अवैध उपयोग को लेकर एफआईआर दर्ज कराई है। इस एफआईआर में सचिन ने कहा कि अज्ञात लोगों द्वारा नाम, फोटो आदि का उपयोग किया जाना सही नहीं है। कई लोग इसका दुरुपयोग कर ठगी के लिए उपयोग करते है। मुंबई की साइबर सेल में उन्होंने इस मामले पर एफआईआर दर्ज कराई है। जानकारी के मुताबिक अज्ञात लोगों ने औषधीय उत्पादों के प्रचार के लिए इनका उपयोग किया था जिसके बाद अब अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।



यह जानकारी शुक्रवार को एक अधिकारी ने दी। इस अधिकारी ने बताया कि तेंदुलकर के एक सहयोगी ने इस संबंध में गुरुवार को पश्चिम क्षेत्र साइबर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करायी। शिकायतकर्ता ने कहा कि उसे एक दवा कंपनी का ऑनलाइन विज्ञापन देखा, जिसमें दावा किया गया था कि तेंदुलकर उसकी उत्पाद का समर्थन करते है। उन्हें एक वेबसाइट 'सचिनहेल्थ डॉट इन' की भी जानकारी दी जो तेंदुलकर की तस्वीर का गलत उपयोग करके इन उत्पादों का प्रचार कर रहा था।

शिकायत में कहा गया है कि चूंकि तेंदुलकर ने कभी कंपनी को उनके नाम और तस्वीरों का इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं दी थी और इससे उनकी छवि खराब हो रही थी, इसलिए उन्होंने अपने सहयोगी को कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अधिकारी ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के अलावा भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी), 465 (जालसाजी) और 500 (मानहानि) के तहत अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले में आगे की जांच जारी है।

# टॉमस मार्टिन एच्चेवेरी के खिलाफ जोकोविच की में संघर्षपूर्ण जीत

रोम। फ्रेंच ओपन की तैयारियों में जुटे नोवाक जोकोविच ने



विश्व में 61वीं रैंकिंग के टॉमस मार्टिन एच्चेवेरी के खिलाफ संघर्ष पूर्ण जीत दर्ज करके इटालियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया। इस क्ले कोर्ट टूर्नामेंट में सातवां खिताब जीतने की कवायद में लगे जोकोविच ने एच्चेवेरी 7–6 (5), 6–2 से हराया। जोकोविच दाहिनी कोहनी में चोट के कारण तीन सप्ताह बाद कोर्ट पर वापसी कर रहे हैं। जोकोविच का अगला मुकाबला ग्रिगोर दिमित्रोव से होगा, जिन्होंने स्टेन वावरिंका को 6–4, 7–6 (3) से हराया।

पुरुष वर्ग के अन्य मैचों में स्थानीय खिलाड़ी यानिक सिनर ने थानासी कोकिनाकिस को 6–1, 6–4 से, ऑस्ट्रेलियाई क्वालीफायर अलेक्सी पोपिरिन ने फेलिक्स ऑगर अलियासिम को 6–4, 4–6, 7–5 से, इटली के फैबियो फोगनिनी ने मिओमिर केकमानोविकच को 6–3, 7–6 (6) से और सातवीं वरीयता प्राप्त होल्गर रून ने आर्थर फिल्स को 6–3, 6–3 से हराया। महिलाओं के वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक ने अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा को 6–0, 6–0 से हराकर रोम में अपना तीसरा खिताब जीतने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए।

अन्य मैचों में पाउला बडोसा ने पिछले साल की उपविजेता ओन्स जैबूर को 6–1, 6–4 से, नौवीं वरीयता प्राप्त मारिया सकारी ने बारबोरा स्ट्राइकोवा को 6–1, 6–3 से और करोलिना मुचोवा ने 18 वीं वरीयता प्राप्त मार्टिना ट्रेविसन को 3–6, 6–3, 7–5 से हराया।

## अमेरिकी सीनेट ने गीता राव गुप्ता की नियुक्ति पर मुहर लगाई

वाशिंगटन। अमेरिकी सीनेट ने भारतीय–अमेरिकी गीता राव



गुप्ता को विदेश मंत्रालय में महिलाओं से संबंधित वैश्विक मुद्दों के लिए 'एंबेसडर एट लार्ज' नियुक्त करने पर मुहर लगा दी है। मंत्रालय ने शुक्रवार को ट्वीट किया कि वह अमेरिकी विदेश नीति के माध्यम से महिलाओं और लड़कियों के अधिकारों को बढ़ावा देने के गुप्ता के प्रयासों से काफी प्रभावित है। इस सप्ताह की शुरुआत में अमेरिकी सीनेट में हुए मतदान में 51–47 मतों से गुप्ता के नाम की पुष्टि की गई। गुप्ता के अनुसार, दुनिया भर में ऐसी कई असमानताएं और तिरस्कार हैं, जिन्हें महिलाएं झेल रही हैं और ये उन्हें अर्थव्यवस्था में पूरी तरह भागीदार बनने से रोकती हैं। उन्होंने पिछले साल कहा था, वे अपनी सुरक्षा से संबंधि ात खतरों का सामना कर रही हैं। उन्हें रोजाना हिंसा का डर भी सताता है, और इससे वे अस्थिर होती हैं।

# इमरान खान ने अपनी गिरफ्तारी के लिए सेना प्रमुख को जिम्मेदार ठहराया

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने नौ मई को अपनी गिरफ्तारी के लिए सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर को जिम्मेदार ठहराया है और यहां की एक अदालत में उनकी नाटकीय गिरफ्तारी के बाद देश भर में हो रही हिंसा से खुद को किनारे कर लिया है। 'द डॉन' समाचार पत्र में शनिवार को प्रकाशित खबर के अनुसार, खान ने शुक्रवार को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) के परिसर में मीडियाकर्मियों से अनौपचारिक बातचीत के दौरान ये विचार व्यक्त किए। उच्च



न्यायालय ने शुक्रवार को खान को भ्रष्टाचार के एक मामले में दो सप्ताह के लिए सुरक्षात्मक जमानत देते हुए सोमवार तक देश में कहीं भी दर्ज किसी भी मामले में उन्हें गिरफ्तार करने पर रोक लगा दी थी। आईएचसी की तीन अलग–अलग पीठ ने पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) के 70–वर्षीय प्रमुख को राहत दी, जिन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच अदालत ले जाया गया था। विश्राम के दौरान 'बीबीसी' संवाददाता से बात करते हुए खान ने कहा, "इसके पीछे सुरक्षा एजेंसियां नहीं हैं, बल्कि एक आदमी है, वह है– सेना प्रमुख। सेना में लोकतंत्र नहीं है। जो कुछ हो रहा है, उससे सेना की छवि खराब हो रही है।" खान ने कहा, "और वह ख्सेना प्रमुख, चिंतित हैं कि अगर मैं सत्ता में वापस आ जाता हूं, तो मैं उन्हें हटा दूंगा। (इसलिए) यह सब सीधे उनके आदेश पर हो रहा है।" खान ने कहा कि वह अपनी गिरफ्तारी के बाद हुए घटनाक्रम से पूरी तरह अंजान हैं। उन्होंने दावा किया कि उन्हें पता चला है कि दो दिन हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान 40 लोगों की जान चली गई। खान ने कहा कि उनकी गिरफ्तारी के बाद जो हुआ वह उनके बस से बाहर था।

## ग्रांट ब्रैडबर्न पाकिस्तान क्रिकेट टीम के मुख्य कोच नियुक्त

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शनिवार को ग्रांट



ब्रैडबर्न को दो साल के लिए राष्ट्रीय पुरुष टीम का मुख्य कोच नियुक्त करने की पुष्टि की। बोर्ड ने इसके साथ ही दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर एंड्रयू पुटिक को दो साल के लिए पुरुष टीम का बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया। 'स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग' कोच ड्रिकस साइमन और 'फिजियोथेरेपिस्ट' क्लिफ डीकॉन अपनी भूमिकाओं में बने रहेंगे। ब्रैडबर्न ने न्यूजीलैंड के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई घरेलू श्रृंखला के दौरान टीम के मुख्य कोच के रूप में कार्य किया। न्यूजीलैंड का यह पूर्व खिलाड़ी पाकिस्तान की टीम की मजबूती और चुनौतियों से अच्छी तरह वाकिफ हैं। उन्होंने इससे पहले 2018 से 2020 तक क्षेत्ररक्षण कोच के रूप में काम किया था। पाकिस्तान में अपनी भूमिकाओं से पहले ब्रैडबर्न ने स्कॉटलैंड की पुरुष टीम के मुख्य कोच रह चुके है। पीसीबी से जारी बयान में ब्रैडबर्न ने कहा, ''मुख्य कोच के रूप में पाकिस्तान जैसी बेहद प्रतिभाशाली और कुशल टीम के साथ काम करना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। हम अपने खेल को आगे बढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं और अपने बढ़ते कौशल का प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हैं।

## इमरान खान कई मामलों में जमानत मिलने के बाद लाहौर स्थित आवास पहुंचे

लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान इस्लामाबाद



में अधिकारियों के साथ लंबे समय तक चले गतिरोध के बाद शनिवार तड़के यहां अपने आवास पहुंचे। कई मामलों में जमानत मिलने के बावजूद सुरक्षा इंतजाम को लेकर उन्हें अदालत परिसर में ही रुकना पड़ा था। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) ने शुक्रवार को खान को भ्रष्टाचार के एक मामले में दो सप्ताह के लिए सुरक्षात्मक जमानत देते हुए सोमवार तक देश में कहीं भी दर्ज किसी भी मामले में उन्हें गिरफ्तार करने पर रोक लगा दी थी। आईएचसी की तीन अलग–अलग पीठों ने पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) के 70–वर्षीय प्रमुख को राहत दी, जिन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच अदालत ले जाया गया था। देशद्रोह और हिंसा से संबंधित कई मामलों और अल–कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले में आईएचसी से जमानत मिलने के बाद लाहौर के लिए रवाना होने से पूर्व इस्लामाबाद पुलिस ने कथित तौर पर खान को तीन घंटे से अधिक समय तक सुरक्षा व्यवस्था के आधार पर अदालत में रोके रखा। अधिकारियों के साथ लंबे गतिरोध के बाद वह अदालत परिसर से बाहर आए। खान के यहां जमां पार्क स्थित आवास पहुंचने पर बड़ी संख्या में पीटीआई के कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। उन्होंने खान के पक्ष में और सत्तारूढ़ पीएमएल–एन के नेतृत्व वाले गठबंधन के खिलाफ नारे भी लगाए। पीटीआई ने खान के घर में प्रवेश करने का एक वीडियो जारी किया, जहां उनकी बहनें और परिवार के अन्य सदस्य उनका स्वागत करते और हालचाल पूछते दिख रहे हैं। आम चुनाव की मांग पर अड़े खान देश भर में 120 से अधिक मामलों का सामना कर रहे हैं।

## राहुल ने विदेशों में कहा था भारत में लोकतंत्रनहीं, Karnataka Results को लेकर भाजपा नेता ने पूछा– आज वह क्या सोचते हैं

कर्नाटक विधानसभा चुनाव




के नतीजे सामने आ गए हैं। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जबरदस्त जीत हुई है। भाजपा के लिए कर्नाटक विध ाानसभा चुनाव के नतीजे एक बड़ा झटका है। कांग्रेस कार्यकर्ता तो जीत के जश्न में डूबे हुए हैं। राहुल गांधी ने इसे मोहब्बत की जीत बताया है। इन सब के बीच केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव चंद्रशेखर ने एक सवाल पूछा है। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि राहुल गांध ी को बताना चाहिए कि वह लोकतंत्र और ईवीएम के बारे में क्या सोचते हैं। अपने बयान में राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि हम इस परिणाम को स्वीकार करते हैं। हम एक रचनात्मक विपक्ष के रूप में कर्नाटक के लोगों के लिए काम करना जारी रखेंगे...राहुल गांधी ने विदेशों में कहा कि भारत में लोकतंत्र नहीं है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज लोगों को उनसे पूछना चाहिए कि वह लोकतंत्र और ईवीएम के बारे में क्या सोचते हैं। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा कि कर्नाटक की जनता का जो निर्णय है हम उसको स्वीकार करते हैं। हम विभिन्न स्तरों पर अपनी कमियों को देखेंगे, उन्हें ठीक करेंगे और इसे पुनर्गठित कर लोकसभा चुनाव में वापसी करेंगे। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भारत विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक प्रणाली है इसमें जनता का मत सर्वोपरि होता है। कर्नाटक के परिणाम में जो मतों का प्रतिशत है उसे देखकर आप कह सकते हैं कि जनता का विश्वास अभी भी हमारे साथ है, केवल मत प्रतिशत से परिणाम नहीं बतलते हैं। जो भी जीत रहे हैं मैं उन्हें बधाई देता हूं। कर्नाटक में जीत के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि सबसे पहले मैं कर्नाटक के हमारे कार्यकर्ताओं को, हमारे नेताओं को बधाई देता हूं। कांग्रेस पार्टी कर्नाटक में गरीबों के साथ खड़ी हुई। हमने प्यार से ये लड़ाई लड़ी।

# क्या देश में हो रही मार्शल लॉ लगाने की तैयारी? सेना में फूट की खबरों पर आया पाकिस्तानी आर्मी का बयान

पाकिस्तान । तहरीक–ए–इंसाफ के अध्यक्ष इमरान खान की गिरफ्तारी के कारण लगभग चार दिनों तक चले राजनीतिक उथल–पुथल के बाद सेना ने शुक्रवार को देश में मार्शल लॉ लगाए जाने की खबरों का खंडन किया है। पाकिस्तान में सेना के प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया गया था। सेना ने बयान जारी करते हुए कहा कि बहुत स्पष्ट रूप से कहना चाहते हैं कि जनरल असीम मुनीर और सेना का नेतृत्व पूरे दिल से लोकतंत्र का समर्थन करता है और आगे भी करता रहेगा। इंटर–सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के महानिदेशक मेजर जनरल अहमद शरीफ चौध ारी ने एक निजी समाचार चौनल को बताया कि मार्शल लॉ लगाने का सवाल ही नहीं उठता। सेना के शीर्ष प्रवक्ता ने कहा कि सेना प्रमुख और सेना के वरिष्ठ नेतृत्व पूरी तरह से लोकतंत्र में विश्वास करते हैं। चल रही अराजकता के कारण सेना के अधिकारियों के इस्तीफा देने की खबरों के जवाब में प्रवक्ता ने सारे दावों को भी खारिज कर दिया। सेना के मीडिया विंग के प्रवक्ता ने कहा कि सशस्त्र बलों में किसी ने इस्तीफा नहीं दिया है। मेजर जनरल चौधरी ने कहा कि आंतरिक बदमाशों और बाहरी दुश्मनों के सभी प्रयासों के बावजूद, सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के नेतृत्व में सेना एकजुट है। सेना के भीतर विभाजन पैदा करने के सपने सपने ही रह जाएंगे। सेना के प्रवक्ता ने कहा, न तो किसी ने इस्तीफा दिया है और न ही किसी आदेश की अवहेलना की है।



# रेलवे फाटक में आई तकनीकी खराबी से दो घंटे जाम में फंसे रहे लोग

## शादी समारोह में लेट से पहुंचे बराती, जनप्रतिनिधियों को कोसा

देवरिया। नगर स्थित बाईपास रेलवे फाटक तकीनीक खराबी के चलते करीब दो घंटे तक बाधित रहा। .. रात 8 बजे रेलवे क्रॉसिंग में आई तकनीकी खराबी को दूर करने में काफी समय लग गया। रेलवे के सिग्नल डिवीजन के कर्मचारियों ने काफी देर बाद तकनीकी खराबी को दूर किया। इसके बाद ही बंद फाटक को खोला जा सका, तब जाकर आवागमन शुरू हुआ। इस दौरान क्रॉसिंग के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम में फंसे होने के चलते शादियों में जा रहे लोग देर से गंतव्य को पहुंचे। लोग इसके लिए जनप्रतिनिधियों को कोसते नजर आए। रात करीब 8 बजे गोरखपुर से छपरा जाने वाली मालगाड़ी पास कराने के लिए क्रॉसिंग का फाटक बंद किया गया था। ट्रेन जाने के बाद केबिन मैन फाटक खोलने का प्रयास करने लगा। लेकिन फाटक में आई तकनीकी गडबड़ी के चलते नहीं खुल सका। केबिनमैन ने इसकी जानकारी कंट्रोल को दी। जिसके बाद रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी हरकत में आ गए।

इसके बाद तकनीकी टीम ने फाटक में आई तकनीकी खराबी को काफी मशक्कत के बाद ठीक किया। करीब दो घंटे तक रेलवे क्रॉसिंग बंद रहने से सड़क से यात्रा करने वालों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। रेलवे क्रॉसिंग के पास जाम में फंसे लोग इधर–उधर से निकलने का प्रयास करते रहे। खासकर दो पहिया वाहन चालक किसी तरह अपने वाहन को बाहर निकलने में कामयाब रहे। यातायात व्यवस्था नगर में लगभग दो घंटे तक प्रभावित रही। रेलवे फाटक की खराबी सुनकर छोटे वाहन चालक अपने अपने वाहनों को घुमाकर 116 नंबर गेट से अपने गंतव्य तक पहुंचे। वहीं बड़े वाहन चालक खराब फाटक ठीक होने का इंतजार करते रहे। वहीं बरात और तिलक चढ़ाने जा रहे लोग करीब दो घंटे जाम में फंसे रहे। जिसके चलते शादी समारोह में लोग लेट से पहुंचे। स्टेशन अधीक्षक परशुराम त्रिपाठी ने बताया कि तकनीकी खराबी के चलते करीब दो घंटे तक रेल फाटक बंद रहा। जिसके चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

## अज्ञात कारणों से झोपड़ी में लगी आग, पांच बकरियां जलकर मरीं

कंचनपुर। तरकुलवा क्षेत्र के कोन्हवलिया गांव में दोपहर में एक रिहायशी झोपड़ी में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग की लपटें देखकर ग्रामीण बुझाने दौड़े तब तक पूरी झोपड़ी धू धू कर जल गई और झोपड़ी में बंधी पांच बकरियों की जलने से मौत हो गई। इस दौरान झोपड़ी में रखे अनाज, ओढ़ना, बिछौना सहित हजारों रुपये के रोजमर्रा के सामान जल गए। कोन्हवलिया गांव के रहने अनिल कुमार कश्यप पुत्र रमाकांत की देवरिया–कसया मार्ग पर कोन्हवलिया मोड पर सड़क किनारे रिहायशी झोपड़ी थी। उसमें पांच बकरियां बांधकर झोपड़ी के बगल में ही वह कुछ दूर पर बैठे थे। दिन में 11 बजे के करीब अचानक झोपड़ी में आग लग गई। जब आग की लपटों के साथ धुंआ निकलने लगा तो परिवार के लोग बदहवास होकर दौड़े, लेकिन तब तक पूरी झोपड़ी जल चुकी थी। झोपड़ी में बंधी पांच बकरियां जलकर मर गईं। जबकि उसमें रखा चौकी, चारपाई, ओढ़ना, बिछौना, कपड़े और अनाज जल गए।

## सरकारी गोदाम से खरीदेंगे बीज तो मिलेगा 50 प्रतिशत अनुदान

देवरिया। किसान इन दिनों धान की नर्सरी डालने की तैयारी में जुटे हैं। जून के पहले सप्ताह में ही धान की नर्सरी डाली जाएगी। इसे देखते हुए कृषि विभाग प्रमाणित व गुणवत्तायुक्त बीज राजकीय गोदामों के माध्यम से वितरण करा रहा है। धान के बीज पर किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। जिला कृषि अधिकारी मोहम्मद मोजम्मिल ने बताया कि राजकीय बीज गोदामों पर स्थानीय वातावरण के अनुकूल प्रमाणित बीज उपलब्ध है। इनमें एमटीयू 7029, बीपीटी 5204, एनडीआर 24, सांभा सब वन धान व ढैंचा के बीज 50 प्रतिशत अनुदान पर दिए जा रहे हैं। किसान खेत के अनुकूल बीज का चयन कर सकते हैं। इस समय ढैंचा की बुवाई ध ाान वाले खेत में की जा सकती है। जब तक नर्सरी तैयार होगी, तब तक ढैंचा भी तैयार हो जाएगा। रोटावेटर से ढैंचा की जुताई कराकर धान की रोपाई कराने से फसल अच्छी होगी। ढैंचा हरी खाद का काम करेगी। अनुदान का लाभ लेने के लिए किसानों का पंजीकरण जरूरी है। सब्सिडी सीधे किसान के खाते में डायरेक्ट बेनफिट ट्रांसफर के माध यम से भेजी जाएगी।

## बरात में युवक ने काटा बवाल, थाने लाई पुलिस

बरहज। क्षेत्र के बरछौली गांव निवासी नेऊर राजभर के घर शाम बरात आई थी। द्वार पूजा के दौरान गांव का ही एक युवक बवाल काटने लगा। सूचना पर पहुंची पुलिस युवक को थाने लाई। इसके बाद शादी संपन्न हुई। युवक की ओर से किए गए बवाल को लेकर गांव में चर्चा रहा। बरात में दरवाजे पर द्वार पूजा कार्यक्रम चल रहा था। जबकि कुछ लोग जलपान और भोजन कर रहे थे। इस बीच गांव का निक्कू यादव मौके पर पहुंच गया और हो–हल्ला करने लगा। कुछ लोग समझाने की कोशिश करने लगे, लेकिन वह मानने की बजाए और उग्र हो गया। निक्कू दिल्ली के गाजियाबाद के एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है। वह दो माह पूर्व गांव आया है। हंगामा करने को लेकर निक्कू के पिता ने पुत्र के खिलाफ तहरीर देकर शिकायत की है। इंस्पेक्टर कपिल देव चौधरी ने बताया कि सूचना पर पुलिस गई थी। कार्रवाई की गई है।

## महराजगंज से मुजुरी बस सेवा बंद, फरेंदा मार्ग पर एक बस हुई कम

महराजगंज। महराजगंज से मुजुरी जाने वाली रोडवेज बस सेवा बंद हो गई है। फरेंदा मार्ग पर एक बस कम चल रही है। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिला अस्पताल गेट के पास रोडवेज बस का इंतजार कर रहे राजेश ने बताया कि फरेंदा जाना है, लेकिन बस नहीं मिल रही है। इस मार्ग पर रोडवेज की दो बसें चलती थीं। अब एक बस कम कर दी गई है। इससे यात्रियों को परेशानी हो रही है। मुजुरी क्षेत्र के लक्ष्मीपुर निवासी राम गुलाम प्रसाद ने बताया कि पहले मुजुरी से रोडवेज की बस मुख्यालय तक चलती थी, लेकिन एक साल से बंद होने से परेशानी हो रही है। डॉ. राम बचन ने बताया कि प्रतिदिन मुख्यालय आना पड़ता है।




**नगर पंचायत बढ़नी के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी सुनील अग्रहरी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी 1261 वोट से हराकर विजई हुए।**

## लंबित मुकदमों की आख्या समय से नहीं देने पर वेतन होगा बाधितः एसडीएम

भाटपार रानी। तहसील के सभागार में .उप जिला अधिकारी संजीव कुमार उपाध्याय ने सर्किल क्षेत्र में तैनात राजस्व निरीक्षकों की समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक के अंतर्गत धारा 24 के मुकदमों के मामले लंबित पाए गए। इस पर उप जिला अधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताई। उप जिला अधिकारी ने बताया कि समीक्षा के दौरान राजस्व निरीक्षक गजेंद्र दीक्षित के यहां भवानी छापर सर्किल में 53 मुकदमे, सोहनपुर सर्किल के राजस्व निरीक्षक रामजी प्रसाद के यहां 10, कोड़रा सर्किल के देवेंद्र उपाध्याय के यहां 20, बलुआ अफगान के त्रिभुवन के यहां 23, कुकुर घाटी सर्किल के दिनेश श्रीवास्तव के यहां 45, टीकम पार के गजेंद्र सिंह के यहां 10, भाटपार रानी के संदीप के यहां 15 तथा रामपुर के अश्विनी श्रीवास्तव के यहां 20 मुकदमे धारा 24 के लंबित पाए गए। उप जिलाधिकारी ने इन्हें निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत आख्या रिपोर्ट तत्काल प्रेषित करने का निर्देश दिया ।उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समय सीमा के अंतर्गत आख्या रिपोर्ट नहीं आई तो वेतन बाधित कर दिया जाएगा। इसे लेकर इन मुकदमों के बाद कार्यों में प्रसन्नता की लहर आ गई है। उप जिला अधिकारी संजीव कुमार उपाध याय ने बताया कि लंबित मामलों को समय सीमा के अंतर्गत आख्या रिपोर्ट देने को कहा गया है। अन्यथा वेतन बाधित कर दिया जाएगा।

## बिहार जा रही अंग्रेजी शराब, पुलिस ने किया बरामद

महाराजगंज । मईल पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने लार रोड के पास से 197 पीस फ्रूटी अंग्रेजी शराब को बरामद कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। मईल एसओ पुलिस टीम के साथ रात गश्त पर निकले थे। इसी दौरान सूचना मिली कि एक स्विफ्ट कार में तस्कर शराब लेकर बिहार जाने की फिराक में हैं। पुलिस ने जब उक्त स्विफ्ट को रोककर उसकी तलाशी ली तो उसमें से शराब की 197 पैकेट फ्रूटी बरामद हुई। जिसकी लागत लगभग पचीस हजार है। मौके से पुलिस दो तस्करों को गिरफ्तार कर थाने लेकर आई। पकड़े गए तस्करों की पहचान अशोक कुमार ग्राम बाडरा थाना अजमल गोला पटना बिहार व दीपक कुमार लंका कछवा थाना गौरी चक पटना के रूप में हुई। एसओ संदीप सिंह ने बताया की शराब बरामद हुई है।

## सकुशल परीक्षा कराना हम सबकी जिम्मेदारी

महराजगंज। डीएम सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। इसमें रविवार को होने वाली उप्र लोक सेवा आयोग की सम्मिलित राज्यध्प्रवर सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2023 को सकुशल कराने पर चर्चा की गई। डीएम ने कहा कि सकुशल परीक्षा कराना हम सबकी जिम्मेदारी है।

उन्होंने विद्यालय के कक्षों में सीसीटीवी, सही व एक तरह की दीवार घड़ी, महिला व पुरुष सिपाही सहित फोर्स की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक अभ्यर्थी परीक्षा की वर्षो से तैयारी करता है। परीक्षा केंद्र का गेट बंद होने की जानकारी के अभाव में परीक्षा देने से रह जाता है। इसलिए गेट बंद की जानकारी सीटी बजाकर दी जाय, ताकि कोई भी अभ्यर्थी परीक्षा से वंचित न होने पाए।

उन्होंने एआरटीओ को निर्देश दिए कि गोरखपुर से महराजगंज और महराजगंज से गोरखपुर के लिए सुबह व शाम को विशेष बसें चलाई जाएं। उन्होंने सभी ईओ से कहा कि रैन बसेरा में ठहरने की व्यवस्था की जाए। इस दौरान वरिष्ठ कोषाधिकारी शालीग्राम, अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह, फरेंदा के एसडीएम मदन मोहन वर्मा, सदर एसडीएम मो जसीम, अपर एसडीएम सत्य प्रकाश मिश्र, महेंद्र प्रताप, डीआईओएस अमर नाथ राय आदि मौजूद रहे।

सीसीटीवी कैमरा आदि की कर लें जांच

डीएम ने कहा कि परीक्षा के पहले सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट, नोडल व सहायक नोडल अधिकारी सभी 23 परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सफाई, सीसीटीवी आदि की जांच कर लें। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दिन सुबह सफाई के समय ही कुछ अभ्यर्थी केंद्र में प्रवेश कर जाते हैं और अपने साथ किताब, मोबाइल फोन, कंप्यूटर लेकर चले जाते हैं। इसे रोका जाय और जांच के बाद ही कक्षों में जाने दिया जाय। गेट के अंदर मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक घड़ियां नहीं जानी चाहिए। कक्ष निरीक्षक का अगर कोई रिश्तेतदार परीक्षार्थी है तो वह कक्ष निरीक्षक के तौर पर नहीं कक्ष में मौजूद रहेंगे ।

## वाहन चालक पर केस दर्ज

महराजगंज। सदर कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक पर केस दर्ज किया है है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रवि राय ने बताया कि जमालुद्दीन निवासी चुनवटिया ने तहरीर में कहा है कि 10 मई की शाम को भाई जमीउल्लाह उर्फ सोनू शिकारपुर से शहर जा रहे थे। रमपुरवा चौराहे के पास चार पहिया वाहन ने उसे चपेट में ले लिया। वह घायल हो गया।

## दो पट्टीदारों में मारपीट, चार पर केस

महराजगंज। सदर कोतवाली क्षेत्र के बागापार गांव के टोला बहेरवा में बोरिंग कराने की बात पर दो पट्टीदारों में मारपीट हो गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस चार आरोपियों पर केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पीड़ित निजामुद्दीन ने तहरीर में कहा है कि पट्टीदारों से जमीनी विवाद चल रहा है। खेत में बोरिंग कराने भाई कलामुद्दीन गया था। पट्टीदारों ने लाठी–डंडे से हमला कर उसे घायल कर दिया। सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रवि राय ने बताया कि आरोपी जमालुद्दीन, अमरुद्दीन, नबीआलम, वसीबुन निशा पर संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है।

## दो झोपड़ियों में लगी आग

फरेंदा। कस्बे के कम्हरिया खुर्द में .अज्ञात कारणों से दो आवासीय झोपड़ी में आग लग गई। उसमें रखा सारा सामान जल गया। कम्हरिया खुर्द मेंसुबह करीब 11 बजे सुदामा की झोपड़ी में आग लग गई। आग की तेज लपटों ने पड़ोसी लालबिहारी की झोपड़ी को भी चपेट में ले लिया। फायर ब्रिगेड की टीम ने आग बुझाया। संवाद

## परिजनों को दी गई सहायता राशि

परसा मलिक। परसा मलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पिपरहिया निवासी शिक्षक हरिशंकर चौधरी की परसा मलिक थाने के पास पेट्रोल पंप के पास दो मई को ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट मे आने से मौत हो गई थी। उनके परिजनों की आर्थिक मदद के लिए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने सहयोग राशि एकत्र किया था। मृतक शिक्षक की मां विद्यावती को एक लाख, एक हजार एक, सौ रुपये का सहयोग राशि देकर शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। इस दौरान उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री सत्येंद्र कुमार मिश्र, जिला उपाध्यक्ष बैजनाथ सिंह, सदर ब्लॉक मंत्री अखिलेश पाठक, लक्ष्मीपुर ब्लॉक अध यक्ष धन प्रकाश त्रिपाठी, नौतनवां ब्लॉक अध्यक्ष राघवेंद्र नाथ पांडेय आदि मौजूद रहे।

# बारहवीं में रजत तो दसवीं में आस्था ने मारी बाजी

### ये सुखद परिणाम बच्चों की मेहनत, अभिभावकों का सहयोग व अध्यापकों का परिश्रम है– चेयरमैन एम एन त्रिपाठी












दैनिक बुद्ध का संदेश

गौरी बाजार,देवरिया। गौरी बाजार क्षेत्र के विशुनपुरा, बखरा में स्थित एस बी टी पब्लिक स्कूल का दसवीं व बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। शुक्रवार को सीबीएसई बोर्ड द्वारा हाईस्कूल व इन्टरमीडिएट परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें विद्यालय के बारहवीं कक्षा के छात्र रजत उपाध्याय ने 93.2: अंक पाकर विद्यालय में प्रथम स्थान,89.2: अंक पाकर हिमांशु श्रीवास्तव ने द्वितीय स्थान तथा 89: अंक पाकर तान्या सिंह तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं 80+ पाने वाले बच्चों की संख्या 28 रही बाकी बच्चों का भी प्रदर्शन अच्छा रहा। हाईस्कूल में आस्था मौर्या ने 93.8: अंक पाकर प्रथम,यश सिंह ने 93.2:पाकर द्वितीय व इशिका राय ने 92.8: अंक पाकर तृतीय तथा प्रियांशु गुप्ता व प्रियांशु गौतम ने 92.6: अंक पाकर चतुर्थ स्थान पर रहे। 90+ पाने वाले छात्रों की संख्या 13 व 80+ पाने वाले छात्रों की संख्या 33 है।इस उपलब्धि पर विद्यालय के चेयरमैन एम एन त्रिपाठी ने बच्चों को बधाइयां दी और उन्हें शुभकामनाएं दीं। इसी क्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य दिवाकर पाण्डेय,उप प्रधानाचार्य एस पी बिंद, मुख्य समन्वयक अंबरीश त्रिपाठी, प्रशासक अबू दानिश व शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा टाप टेन में आए बच्चों को मिठाई खिलाकर तथा माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।

## बाइक सवार को टक्कर मारकर भाग रहा स्कार्पियो का चक्का फटा

देवरिया। थाना क्षेत्र के नरौली भीखम मोड़ के पास शाम एक बाइक सवार को टक्कर मारकर भाग रहे स्कार्पियो का चक्का परसिया मिश्र गोदाम के पास ब्लास्ट हो गया। इसके बाद उसमें सवार चालक सहित अन्य लोग स्कार्पियो छोड़ भाग निकले। उधर, बाइक सवार चोटिल को स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया। मौके पर पहुंची पुलिस स्कार्पियो को कब्जे में लेकर थाने चली गई। नरौली संग्राम निवासी गनेश सिंह (40) अपनी बाइक से खुखुंदू चौराहे पर किसी कार्यवश आए थे। यहां से लौटते समय वह अभी देवरिया–सलेमपुर हाइवे मार्ग पर नरौली भीखम मोड़ के पास पहुंचे थे कि पीछे से आ रही एक स्कार्पियो उनके बाइक में ठोकर मार दी। जिससे वह सड़क पर जा गिरे। टक्कर लगने के बाद गनेश घायल होकर सड़क पर तड़पने लगे।

राहगीरों ने उन्हें उठाकर सड़क किनारे किया। कुछ ही देर में सड़क पर वाहनों की कतार लग गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी और एंबुलेंस से चोटिल को अस्पताल भिजवाया। इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह ने बताया कि बाइक सवार को ठोकर मारने के बाद स्कार्पियो चालक गाड़ी लेकर तेजी से भाग रहा था। इसी बीच परसिया मिश्र गोदाम के पास स्कार्पियो का अगला चक्का ब्लास्ट कर गया। जिसके बाद चालक सहित उसमें सवार अन्य गाड़ी छोड़ भाग निकले।

# हवन पुजन के साथ हुआ यज्ञ का समापन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। लक्ष्मी नारायण हवनात्मक महायज्ञ के अंतिम दिन शनिवार को मुख्य यजमान गोपालसिंह वैद्य सपत्नी एवं अन्य यजमानों द्वारा 2 लाख 60हजार नारायण एवं लक्ष्मी कीआहुति देने के बाद यज्ञ का समापन हो गया। शाम को प्रवचन सुनने के लिए क्षेत्र के सिरवि ट, करमा, मदैनिया, चाड़ी, पगिया, रानितारा, तियरा शिवदत्त, भरक कवाह, चाडी, आदि गावोके भक्तों ने सुबह सेआकर मंडप की परिक्रमा शुरू कर दी।

इसके बाद हवन कार्य क्रम में भाग लिया। विकासखंड करमा के शंकर धाम आश्रम करन वाह गांव में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के अंतिम दिन सुबह से ही भक्तों के आने का सिलसिला जारी रहा। सुग्रिवा नंद महाराज के सानिध्य में चल रहे यज्ञ के अंतिम दिन शनिवार को यज्ञाचार्य दयाशंकर शुक्ल एवं अन्य ब्राह्मणों हीरा शास्त्री, अरुण कुमार शुक्ला, द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ मंडप में आवाहित देवी देवताओं का पूजन कराने के बाद लक्ष्मी नारायण का हवन करने के बाद भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया। प्रवचन के दौरान सुग्रीवा नंद महारा ज ने संगीत मय प्रवचन के दौरान सीता हरण के बाद भगवान राम और लक्ष्मण सीता के खोज में सब जगह भ्टक रहे थे उसी दौरान सुग्रीव से उनकी मुलाकात हो जाती है और बाली का बध करने की कथा का प्रसंग को सुनाया। रामचरित मानस के कथा के दौरान हनुमान जी के बल पौरुष का एहसास कराया। आगे उन्होंने कहा कि जो भक्त लक्ष्मी नारायण का एक साथ पूजन करते हैं उन भक्तों को भगवान की हमेशा कृपा बनी रहती है। उन्होंने कहा कि यज्ञ एवं धार्मिक अनुष्ठान करने से मनुष्य के सभी पाप नष्ट हो जाते है। हवन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आहुतियां देने से मनुष्य के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। और शुभ फल की प्राप्ति होती है। उक्त अवसर पर बी, एन यादव, ओमप्रकाश, परमानंद, कार्तिकेय सिंह, महेश प्रताप सिंह, अमित कुमार सिंह, शिव पूजन सिंह, अनिल सिंह, रविन्द्र बहादुर सिंह आलोक कुमार पाण्डेय, जितेंद्र सिंह, संजय सिंह, श्यामसुंदर सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, रामराज यादव, दरोगा मौर्य,समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# गोवध में अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक, डॉ0 यशवीर सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद में गोवंश तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने व उसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना करमा पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0–43/2023 धारा 3/5/5एध्8 गोवध निवारण अधिनियम अधिनियम से सम्बन्धित प्रकरण में वाँछित एक नफर अभियुक्त सेराज पुत्र लल्लन निवासी ग्राम बहुअरा थाना रावर्ट्सगंज को 13 म ई को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।





# तिलक इंटरमीडिएट कॉलेज में नये सत्र में नया सवेरा के अन्तर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। इस दौरान विद्यालय में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे जिला विद्यालय निरीक्षक अवधेश नारायण मौर्य ने कहा कि छात्र–छात्राएं लक्ष्य को ध्यान में रखकर यदि समर्पित भावना से मेहनत और लगन से पढ़ाई करेंगे तो निश्चित रूप से एक ना एक दिन सफलता उन्हें अवश्य मिलेगी, शिक्षा में नवाचार की गतिविधियां अपनाई जा रही हैं जिसमें व्यापक सुधार होते दिखाई दे रहा है, सरकार शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए संकल्पित है जिसके अंतर्गत पंख, प्रेरणा, लक्ष्य, दीक्षा, आदि शैक्षिक ऐप आए हुए हैं जो कि छात्र, छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। इसी क्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मेंद्र मिश्र ने कहा कि हमारे शिक्षक पूरे मनोयोग से अध्यापन कार्य कर रहे हैं तथा विद्यालय शासन द्वारा प्रदत्त तमाम योजनाओं का शत प्रतिशत क्रियान्वयन करने के लिए संकल्पबद्ध हैं। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य ने जिला विद्यालय निरीक्षक का माल्यार्पण कर स्वागत और अभिनंदन किया तथा छात्र छात्राएं भी अपने बीच मुख्य अतिथि को पाकर उत्साहित रहें। इस दौरान वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ कृष्ण कुमार, लोकपति सिंह, कमलेश कुमार, अवधेश सिंह, अमित कुमार श्रीवास्तव, जयराम यादव, ग्रीश चंद्र, हरि ओम, वकील अहमद खां, शिव आश्रय, मनोज कुमार, अश्वनी कुमार, अमित कुमार, स्पर्श बर्मा, अर्जुन कुमार, राज वरूण, राकेश कुमार आदि उपस्थित रहे तथा मंच का संचालन हरेंद्र बहादुर सिंह ने किया।









## चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

महराजगंज। सदर कोतवाली क्षेत्र के गबडुआ नहर पुल के पास से पुलिस ने एक युवक को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक रवि राय ने बताया कि पुलिस टीम गश्त कर रही थी।

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458
संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा
9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर


| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश






# वजन घटाने के तमाम पैंतरें हो चुके हैं फेल तो आज से ही शुरु कर दें कार्डियो एक्सरसाइज, वेट लॉस के साथ साथ दूर होंगी बीमारियां



सिर्फ जिम में जाकर घंटों पसीना बहाना काफी नहीं है.. ये जानना बेहद जरूरी है कि आप जो एक्सरसाइज जिम कर रहे हैं वो फायदेमंद है भी या नहीं. ज्यादातर लोग जिम में मसल बिल्डिंग के लिए स्ट्रैंथनिंग और वेटलिफ्टिंग करते हैं... लेकिन अगर आप वाकई वजन कम करने के साथ–साथ सेहतमंद रहना चाहते हैं तो कार्डियो एक्सरसाइज से बेस्ट कुछ भी नहीं है. रनिंग, जॉगिंग, साइकिलिंग, स्विमिंग, ब्रिस्क वॉकिंग और रोइंग कुछ पॉपुलर कार्डियोवैस्कुलर एक्सरसाइज हैं जिन्हें कोई भी कर सकता है. ये सिर्फ आपको वेट लॉस में मदद नहीं करेंगी बल्कि आपकी हार्ट हेल्थ को बेहतर बनाने के साथ–साथ आपके ब्लड सरकुलेशन को सही करने और स्ट्रेस से छुटकारा दिलाने में भी मदद करती हैं. चलिए आपको बताते हैं कार्डियो एक्सरसाइज के हेल्थ बेनिफिट्स.

रोजाना कार्डियो एक्सरसाइज करने के फायदेः

1. हार्ट हेल्थ में सुधारः कार्डियो एक्सरसाइज हार्ट, ब्लड वेसल्स और लंग्स की हेल्थ के लिए सबसे बेहतर मानी जाती हैं. ये हार्ट डिसीज के जोखिम को कम करने के साथ–साथ ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने मैं भी मददगार होती हैं.

2. वेट लॉस

कार्डियो एक्सरसाइज कैलोरी बर्न करने और वजन घटाने में मदद करने के लिए बहुत अच्छे हैं. यह शरीर की अतिरिक्त चर्बी को कम करने में मदद करता है, जिससे ओवरऑल हेल्थ सुधरती है और सेल्फ कॉन्फिडेंस बूट्स होता है.

3. तनाव होगा कम

कार्डियो एक्सरसाइज तनाव और चिंता के स्तर को कम करने में मदद कर सकती है. यह एंडोर्फिन रिलीज को बढ़ावा देता है, जो एक प्राकृतिक मूड बूस्टर है और समग्र मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करता है. जैसे–जैसे हार्ट रेट और सांस में वृद्धि होती है, एंडोर्फिन, शरीर के प्राकृतिक मूड बूस्टर रिलीज होते हैं, मूड में सुधार होता है, तनाव, चिंता और अवसाद कम होता है.

4. अच्छी नींद

कार्डियो एक्सरसाइज नींद की गुणवत्ता और अवधि में सुधार करने में मदद कर सकते हैं. लंबे समय तक सोने और समग्र नींद चक्र में सुधार करने में मदद करता है.


5. स्टेमिना में वृद्धि

वजन कम करने में कार्डियो एक्सरसाइज फायदेमंद तो है ही लेकिन यह आप की सहनशक्ति के स्तर को बेहतर बनाने में भी मदद कर सकती है. यह व्यायाम आपको अधिक समय तक काम करने में सक्षम बनाता है जिससे ज्यादा कैलोरी तो बर्न होती ही है ओवरऑल फिटनेस भी बेहतर होती है.

6. पुरानी बीमारियों का खतरा कमः कार्डियो एक्सरसाइज डायबिटीज, स्ट्रोक और कई प्रकार के कैंसर जैसी पुरानी बीमारियों के जोखिम को कम करने में भी मदद करती हैं.

## शिमरी व्हाइट आउटफिट में बेहद खूबसूरत लग रहीं हैं रिया चक्रवर्ती

बॉलीवुड एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती इन दिनों हमेशा अपने बोल्ड लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट पर रहती हैं। वो



जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते रहते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर इंटरनेट का पारा गर्म कर दिया है। एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती इन दिनों अपनी बोल्ड फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर के काफी लाइमलाइट बटौर रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस रिया ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका हॉट लुक देखकर फैंस अपने होश खो बैठे हैं। बता दें कि एक्ट्रेस अपनी अदाओं से फैंस को इस कदर दीवाना बना देती हैं कि लोगों की नजरें उन पर से हटना मुश्किल हो जाती हैं। रिया चक्रवर्ती ने अपने इन लेटेस्ट लुक में व्हाइट कलर का शिमरी आउटफिट पहना हुआ है। एक्ट्रेस अपनी इन तस्वीरों में बैकलेस और अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करते हुए स्टाइलिश फोटोशूट करवा रही हैं। बालों का बन बनाकर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। इन दिनों भले ही एक्ट्रेस किसी फिल्म में नहीं दिखाई दे रही हो लेकिन वो आए दिन सोशल मीडिया पर एक्टिव रह कर अपनी प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ के बारे में अपडेट्स देती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी पोस्ट इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी हर एक तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स की बौछार कर देते हैं।







## अल्लू अर्जुन बनेंगे आदित्य धर के द इमोर्टल अश्वथामा



निर्देशक आदित्य धर का ड्रीम प्रोजेक्ट द इमोर्टल अश्वथामा पिछले तीन सालों से शुरू होने की राह देख रहा है। आरएसवीपी के बैनर तले बनने वाली इस फिल्म से रॉनी स्क्रूवाला ने हाथ पीछे खींच लिए थे, उसके बाद से निर्माता की तलाश जारी थी, जो जियो स्टूडियो पर जाकर रुकी। जियो ने तुरन्त फैसला लेते हुए फिल्म से विक्की कौशल को बाहर का रास्ता दिखा दिया, क्योंकि वो 300 करोड़ की लागत को विक्की पर नहीं लगाना चाहता था। इसके बाद कई सितारों के नाम सामने आए लेकिन बात अब अल्लू अर्जुन के संकेत देने से बढ़ रही है। अब सुनने में आया है कि पुष्पा स्टार के साथ मेकर्स की बात शुरू हो चुकी है। शुरुआती स्तर पर अल्लू अर्जुन को फिल्म का कॉन्सेप्ट काफी पसंद आया है। और वो इसे करने के लिए हामी भर चुके हैं। रिपोर्ट की मानें तो करीबी सूत्र ने कहा, अश्वथामा आदित्य धर का सपना है। जिसे जियो स्टूडियो के बोर्ड में आने पर नई जिंदगी मिली। फिल्ममेकर और जियो स्टूडियो के टॉप अधिकारी अल्लू अर्जुन से बात कर रहे हैं। बातें शुरुआती स्तर पर हैं और अल्लू अर्जुन ने अपनी ओर से इस अनोखी दुनिया में आने के लिए उत्सुकता दिखाई है। बीते कुछ महीनों में कई बातचीत के दौर पूरे हो चुके हैं और जल्दी ही चीजें वास्तविकता का रूप ले सकेंगी।

## द केरल स्टोरी ने रचा इतिहास, पहले हफ्ते सबसे अधिक कमाई वाली महिला–प्रधान बॉलीवुड फिल्म बनी




सुदीप्तो सेन द्वारा निर्देशित द केरल स्टोरी इस समय पूरे देश में चर्चा का विषय बनी हुई है। इस फिल्म की वजह से देश एक बार फिर से 2 पक्षों में बंट गया है। जहां कुछ लोग इस फिल्म का समर्थन कर रहे हैं, वहीं कुछ लोगों द्वारा द केरल स्टोरी का पुरजोर विरोध किया जा रहा है। अब इस बीच द केरल स्टोरी ने इतिहास रच दिया है और सबसे अधिक ओपनिंग वाली महिला–प्रधान बॉलीवुड फिल्म बन गई है। तमाम विवादों के बीच 5 मई को रिलीज हुई द केरल स्टोरी का बॉक्स ऑफिस का शानदार प्रदर्शन जारी है। फिल्म ने अपने पहले सप्ताह में बॉक्स ऑफिस पर 81 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर लिया है। इसी के साथ द केरल स्टोरी ने कंगना रनौत की तनु वेड्स मनु रिटर्न्स (69.95 करोड़) और आलिया भट्ट की गंगूबाई काठियावाड़ी (68.83 करोड़) फिल्मों को पछाड़ दिया है। द केरल स्टोरी में अदा शर्मा मुख्य भूमिका में हैं। अब फिल्म मुनाफे से भी आगे निकल चुकी है। ऐसा लग रहा है कि फिल्म पर बैन का कोई असर नहीं दिखाई दे रहा है। मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के बाद अब उत्तराखंड और हरियाणा सरकार ने भी फिल्म को टैक्स फ्री कर दिया है। इससे कमाई में और अधिक उछाल देखने को मिल रहा है।

## बच्चों के डायपर में हो सकते हैं 10 हजार से ज्यादा वायरस, ये दो चीजें कर लें तो ज्यादा फायदे मिलेंगे



घर में छोटे बच्चे होने से रौनक बनी रहती है. बच्चे का खेलना, हंसना दिल को काफी सकून देते हैं. अपने बच्चे को आप डाइपर तो पहनाते ही होंगे. इससे बच्चे और खुद आपको भी सुविधा रहती है.पहले के समय में बच्चे को यूरिन के गीलेपन से बचाने के कपड़े की लंगोट पहनाई जाती थी. इसके बाद डाइपर्स का जमाना आया और अब हर मां बाप अपने को डाइपर ही पहनाते हैं.लेकिन क्या आपको पता है कि हर वक्त बच्चे को बाजार के डाइपर पहनाना खुद बच्चे के लिए काफी नुकसानदेय है.

सिंथेटिक डाइपर हैं बच्चे के लिए खतरनाक

डॉक्टर बताते हैं कि बाजार में मिलने वाले डाइपर्स को लीक प्रूफ पॉलिमर से बनाया जाता है. ये पॉलिमर पर एब्जोर्बेंट होते हैं जो जल्दी सोखते हैं और इनके अंदर खुशबू वाले कैमिकल भी मिलाए जाते हैं. आपको बता दें कि नेचर माइक्रोबायोलॉजी जर्नल में छपी एक खबर में कहा गया है कि हाल में ही में हुए एक अन्तरराष्ट्रीय शोध में बच्चों के इन डाइपर्स में करीब दस हजार से ज्यादा वायरस पाए गए. इनमें से 16 वायरस की पहचान तक हो गई है. यानी बच्चों को पूरे दिन डायपर पहना कर रखने वाले मां बाप बच्चों को इन खतरनाक वायरस के हवाले कर रहे हैं. इन डाइपर्स के काफी नुकसान होते हैं, इससे स्किन पर ना केवल रैशेज पड़ते हैं बल्कि अस्थमा जैसी बीमारी भी हो सकती है.

बच्चे को पहनाएं कपड़े की नैपकिन

अपने छोटे बच्चे को वायरस और कई गंभीर बीमारियों से बचाने का एक तरीका है कि आप अपने बच्चे को कपड़े से बना नैपकिन पहनाएं. ये गीला तो होगा लेकिन इसकी सॉफ्टनेस से बच्चे को कोई नुकसान नहीं होगा. अपने घर में ही साफ और कॉटन के लंगोट बना लीजिए और कई सारे सेट रखिए ताकि बच्चा एक गीला करें तो दूसरा पहना सकें. इससे आपका बच्चा आराम भी महसूस करेगा और बीमारियों से सुरक्षित भी रहेगा.

कुछ देर के लिए बच्चे को नंगा छोडना है सही

जरूरी नहीं कि बच्चे को 24 घंटे डायपर पहनाया जाए. उसे कुछ देर के लिए बिना किसी लंगोट या नैपी के छोडना भी उसकी सेहत के लिए काफी अच्छा होगा. इससे उसके हाथ पैर आराम महसूस करेंगे, उसके निजी अंगों को अच्छी हवा मिलेगी और उसका हाइजीन भी बढ़ेगा.